उज्जैन
गुरुवार
27
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-294
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ महंगाई पर इंदौर कांग्रेस का हल्लाबोल : आज 22 ब्लॉकों में प्रदर्शन
7 ▸ एमपीसीए ने क्रिकेटरों को बांटे 2.94 करोड़ रु.

# मीठा दर्द: जिनके पेट भरे हैं, वे महंगाई का दर्द क्या जानें!

## कैलाश विजयवर्गीय के बयान ने छेड़ी नई बहस, गरीब और मध्यमवर्ग के जख्म पर नमक जैसा लगा बयान

शक्कर की बढ़ती कीमतों के बीच मध्यप्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का यह कहना कि शक्कर खूब महंगी हो जाए अब केवल एक सामान्य राजनीतिक बयान नहीं रह गया है। इस एक वाक्य ने महंगाई, गरीब की रसोई और सत्ता की संवेदनशीलता को लेकर नई बहस खड़ी कर दी है। हो सकता है कि विजयवर्गीय का उद्देश्य लोगों को अधिक चीनी के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना रहा हो। यह भी संभव है कि उनका अंदाज हमेशा की तरह व्यंग्यात्मक रहा हो। लेकिन राजनीति में केवल नीयत नहीं, शब्दों का असर भी महत्वपूर्ण होता है। और इस बयान का असर उन लोगों पर अलग पड़ा है, जो रोज बाजार जाकर अपनी सीमित आय में घर का बजट संभालते हैं।

- **जिनके पेट भरे हैं, उन्हें महंगाई छोटी लग सकती है-** जिस परिवार के पास पर्याप्त आय है, उसके लिए शक्कर के दाम कुछ रुपये बढ़ना शायद बहुत बड़ा संकट नहीं हो। लेकिन मजदूर, निम्न आय वर्ग और छोटे दुकानदार के घर में हर वस्तु की कीमत सीधे महीने के बजट को प्रभावित करती है। आज सवाल केवल शक्कर का नहीं है। सवाल है कि आटा, दाल, तेल, सब्जियां, दूध, गैस और दूसरी रोजमर्रा की जरूरतों के बीच गरीब परिवार आखिर अपना घर कैसे चलाए? ऐसे में जब रसोई की किसी जरूरी वस्तु के महंगे होने की चर्चा हो और सत्ता में बैठा कोई बड़ा नेता कहे कि शक्कर तो और महंगी हो जाए, तो आम आदमी को यह बात चुभना स्वाभाविक है। गरीब के लिए चाय में चीनी केवल मिठास नहीं होती, वह दिनभर की थकान के बीच एक छोटी-सी राहत होती है।
- **स्वास्थ्य की बात सही, लेकिन भाषा का सवाल बड़ा-** यह तर्क दिया जा सकता है कि अधिक चीनी स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है और उम्र बढ़ने के साथ इसका सेवन कम करना चाहिए। इस संदेश में कोई गलत बात नहीं है। लेकिन स्वास्थ्य संबंधी सलाह और महंगाई के मुद्दे पर राजनीतिक टिप्पणी—दोनों को अलग-अलग रखना जरूरी है।
- अगर उद्देश्य चीनी के अधिक सेवन के खिलाफ जागरूकता पैदा करना था तो कहा जा सकता था कि चीनी कम खाइए, स्वास्थ्य का ध्यान रखिए। इसके बजाय शक्कर खूब महंगी हो जाए जैसे शब्द आम आदमी के मन में दूसरा ही संदेश पैदा करते हैं।
- यही राजनीति की विडंबना है—जो बात मंच पर मजाक लगती है, वही बात रसोई में बजट बनाते गरीब के लिए बहुत गंभीर हो सकती है।
- **गरीब को उपदेश नहीं, राहत चाहिए-** गरीब आदमी यह नहीं कह रहा कि वह हर दिन मिठाई खाना चाहता है। वह तो केवल इतना चाहता है कि उसकी आमदनी और उसके खर्च के बीच का अंतर कम हो। वह चाहता है कि बच्चों के दूध का खर्च निकले, घर में राशन पूरा आए, त्योहार पर थोड़ी मिठाई बन सके और महीने के आखिर में जेब पूरी तरह खाली न हो। इसलिए महंगाई के सवाल पर जनता नेताओं से उपदेश नहीं, समाधान चाहती है। अगर कोई खाद्य वस्तु महंगी हो रही है तो सरकार का काम यह बताना नहीं होना चाहिए कि उसे कम इस्तेमाल करो; सरकार से अपेक्षा यह है कि वह यह बताए कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।
- **बयान का राजनीतिक असर-** विजयवर्गीय भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ और प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते हैं। उनके बयानों को सामान्य व्यक्ति के बयान की तरह नहीं देखा जाता। उनके एक वाक्य का राजनीतिक अर्थ निकाला जाता है और विपक्ष को सरकार पर हमला करने का अवसर मिलता है। ऐसे में यह बयान भाजपा के लिए भी असहज स्थिति पैदा कर सकता है। विपक्ष इसे गरीब और मध्यमवर्ग की परेशानियों के प्रति सरकार की कथित असंवेदनशीलता से जोड़ सकता है। हालांकि समर्थक यह कह सकते हैं कि बयान को संदर्भ से अलग करके देखा जा रहा है और मूल उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता था। यह पक्ष अपनी जगह है। लेकिन जनप्रतिनिधि के लिए चुनौती यही होती है कि सही बात भी ऐसी भाषा में कही जाए, जिससे उसका सही अर्थ ही जनता तक पहुंचे।
- **सवाल शक्कर का नहीं, संवेदनशीलता का है-** पूरे विवाद का सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्ता में बैठे लोगों को आम आदमी की आर्थिक परेशानियों की भाषा समझनी चाहिए?
- **निश्चित रूप से हां-** क्योंकि लोकतंत्र में मंत्री केवल नीति बनाने वाला व्यक्ति नहीं होता, वह जनता की उम्मीदों का प्रतिनिधि भी होता है। जब गरीब परिवार महंगाई से परेशान हो, तब उसके सामने खड़े होकर महंगी होती चीज के और महंगे होने की बात करना राजनीतिक रूप से जोखिम भरा ही नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी चोट पहुंचाने वाला हो सकता है। जिनके पेट भरे हैं, वे शायद महंगाई पर आंकड़ों में बात कर सकते हैं; लेकिन जिनकी जेब महीने के अंत में खाली हो जाती है, उनके लिए हर बढ़ती कीमत एक नई चिंता है।

### जनता के लिए मिठास कहां है?

शक्कर की कीमत चाहे जितनी हो, असली सवाल यह है कि आम आदमी की जिंदगी में मिठास कितनी बची है।
एक तरफ महंगाई, दूसरी तरफ सीमित आय और तीसरी तरफ रोज बढ़ते खर्च—इन तीनों के बीच गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार लगातार अपना संतुलन बना रहा है।
ऐसे समय में नेताओं के शब्दों में भी संवेदनशीलता दिखाई देनी चाहिए।
गरीब आदमी को यह सुनना अच्छा नहीं लगेगा कि शक्कर और महंगी हो जाए। वह तो यह सुनना चाहता है कि सरकार महंगाई कम करने के लिए क्या कर रही है।
कैलाश विजयवर्गीय का बयान भले ही स्वास्थ्य संबंधी संदेश देने या हल्के-फुल्के अंदाज में कही गई बात हो, लेकिन इससे पैदा हुई बहस ने एक गंभीर मुद्दा सामने ला दिया है—सत्ता और समाज के सबसे कमजोर वर्ग के बीच संवेदनशील संवाद कितना जरूरी है।
क्योंकि अंततः बात सिर्फ शक्कर की नहीं है।
बात उस गरीब की है, जो अपनी छोटी-सी आमदनी में घर चलाता है।
बात उस मां की है, जो बच्चों की चाय में थोड़ी मिठास डालना चाहती है। बात उस मजदूर की है, जो दिनभर पसीना बहाकर शाम को घर लौटता है। और बात उस मध्यमवर्गीय परिवार की है, जो हर महीने बढ़ते खर्च के बीच अपना बजट जोड़ता-घटाता है। इसलिए राजनीति में एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए—जनता की थाली और उसकी जेब पर टिप्पणी करते समय शब्दों में मिठास नहीं, संवेदनशीलता जरूरी है।





## कृति सेनन एड विवाद पर राहुल-कंगना आमने-सामने

**कंगना बोलीं- ट्रिपल तलाक पर क्यों चुप रहे; राहुल ने कहा- महिलाओं के कपड़ों पर ट्रोलिंग बंद करो**

**मुंबई।** अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने कृति सेनन के रक्षाबंधन एड विवाद के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने एक्ट्रेस कृति सेनन का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया पर स्मैश द पेट्रियार्की का मैसेज लिखा था। इसके जवाब में कंगना ने बीजेपी के इंस्टाग्राम हैंडल का एक इलस्ट्रेटेड (कार्टून) पोस्ट री-शेयर किया। इसमें कंगना ने लिखा, ब्रो, वेट। भारत माता की जय। शुरू करते हैं। इस पोस्ट के जरिए बीजेपी ने ट्रिपल तलाक, शाह बानो केस, महिला आरक्षण और कर्नाटक कैबिनेट में महिलाओं की भागीदारी को लेकर कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठाए हैं।

### देश

- **मुंबई** क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने बांद्रा टर्मिनस के पास करीब 10 करोड़ रुपए की चरस जब्त किए जाने के मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है।
- **राजस्थान** हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस को हटाने की मांग, सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश ने उखक को लिखे लेटर, कहा- जजों को ट्रांसफर की धमकी देते हैं।
- **अहमदाबाद** के रिहायशी इलाके में 300 किमी प्रति घंटे की स्पीड से पोर्शे कार दौड़ाने वाले शख्स को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है।

### विदेश

- **नेपाल** में लैंडस्लाइड की वजह से आई तबाही वाली बाढ़, 165 मौतें, 300 भारतीय लापता, तिब्बत में 550 लोग गायब, आज 21 भारतीयों का रेस्क्यू
- **इस्लामाबाद** के सरकारी अस्पताल में आग; 15 बच्चे जिंदा जलेः सिर्फ 1 को बचाया जा सका; अउ कंप्रेसर फटा, फिर पूरे वार्ड में आग फैल
- **वाशिंगटन में** दुनिया का सबसे बड़ा रॉकेट लॉन्च कॉम्प्लेक्स बनाएंगे मस्क, ये मैनहट्टन से 8 गुना बड़ी जमीन पर बनेगा, हर साल हजारों स्टारशिप रॉकेट लॉन्च होंगे
- **वाशिंगटन** बच्चे रात में नहीं चला पाएंगे फेसबुक-इंस्टाग्राम, डेली लिमिट और नाइटटाइम ब्लॉक फीचर लाना होगा, अमेरिकी कोर्ट में मेटा पर 1.59 लाख करोड़ रुपये का जुर्माना

### व्यापार

- **नई दिल्ली** एलपीजी सिलेंडर के लिए केवायसी 31 अगस्त तक करा सकेंगे, आधार वेरिफिकेशन की डेडलाइन दूसरी बार बढ़ी, सब्सिडी भी बंद हो सकती है।
- **सेंसेक्स** में 100 अंक की गिरावटः 77,300 पर कारोबार कर रहा, निफ्टी भी 20 अंक नीचे, एफएमसीजी और मीडिया शेयर्स में ज्यादा बिकवाली
- **चांदी** 1111 बढ़कर 2.43 लाख रुपये प्रतिकिलो पर पहुंची, इस साल 13 हजार महंगी हो चुकी, सोना 704 गिरकर 1.61 लाख का 10 ग्राम हुआ

### आवकाश सूचना

28 अगस्त शुक्रवार को रक्षा बंधन पर्व पर दैनिक ब्रह्मास्त्र परिवार अवकाश पर रहेगा। अतः अगला अंक 29 अगस्त 2026 शनिवार को को प्रकाशित होगा। **-प्रसं.**

### कार्टून..




# कनीपुरा में ढाबे पर आधी रात को डबल मर्डर

## करणी सेना से जुड़े 2 गुट में चले चाकू-तलवार, 2 घायल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

कनीपुरा में आधी रात को दो गुट के लोगों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों ओर से चाकू तलवार चले। दो की मौत हो गई दो घायल हुआ है। घटनाक्रम के बाद चरक अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के कनीपुरा स्थित मार्ग लक्की दरबार ढाबे पर करणी सेना से जुड़े दो गुट एकत्रित हुए थे जिनके बीच पद को लेकर कहासुनी, हो गई। मामले में तूल पकड़ा तो एक गुट के 4-5 लोगों ने अपने साथियों को बुला लिया। 12 से 15 लोग हथियार लेकर पहुंचे, कुछ देर में ही खूनी संघर्ष शुरू हो गया। घटनाक्रम की जानकारी लगने पर चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया मौके पर पहुंचे। राहुल दरबार उर्फ विजय प्रताप पिता दिलीप सिंह 42 साल निवासी नीमनवासा की मौत हो चुकी थी, उसे निजी अस्पताल ले गए। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। दूसरे पक्ष से घायल शक्ति सिंह 32 साल निवासी पंवासा और और पप्पू जाट को जरा अस्पताल लाया गया लेकिन शक्ति सिंह को भी निजी अस्पताल ले जाया गया पप्पू जाट को उपचार के लिए भर्ती किया गया। मृतक राहुल के साथी श्रवण पिता देवीलाल 45 साल निवासी नक्षत्र होटल के सामने भी घायल हुआ था उसे भी चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है।



### एएसपी, 2 सीएसपी और 4 थानों का बल

डबल मर्डर की खबर मिलते ही चरक का अस्पताल में एएसपी आलोक शर्मा, सीएसपी पुष्पा प्रजापत, दीपिका शिंदे सहित महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल, चिंतामण प्रभारी हेमराज यादव, चिमनगंज प्रभारी विवेक कनोडिया अपने थाना स्टाफ की टीम के साथ चरक अस्पताल पहुंच गए थे। दोनों मृतकों के परिजन और साथी भी दर्जनों की संख्या में एकत्रित हो गए थे। चिमनगंज सीएसपी पुष्पा प्रजापत ने घायल श्रवण से मामले की जानकारी ली। वहीं पुलिस की एक टीम हमले में शामिल आरोपियों की तलाश में लग गई थी। रात 3 बजे तक अस्पताल में पुलिस बल तैनात था।

### झाड़ियो में मिली जितेंद्र पवार की लाश

घटनास्थल पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी इसी दौरान ढाबे से कुछ दूरी पर झाड़ियो में दूसरे युवक की लाश मिलना सामना आया। जिसकी पहचान जितेंद्र पिता निर्भय सिंह पवार 35 साल निवासी उंडासा के रूप में हुई। आशंका जताई गई थी विवाद के बाद जितेंद्र ने जान बचाने के लिए भगाने का प्रयास किया होगा तभी उसे पर पीछे से आए हमलावरो ने वार किया और जान से मार दिया। जितेंद्र की बॉडी अस्पताल पहुंचने पर सामने आया कि वह राहुल दरबार का साथी था।

### घायल बोला पद को लेकर हुआ था विवाद

चरक अस्पताल लाई घायल श्रवण में बताया कि वह ढाबे पर गया था इस दौरान शक्ति सिंह और राहुल दरबार के बीच विवाद हुआ था दोनों करणी सेना से जुड़े हैं। उनके बीच पद को लेकर कहासुनी नहीं हुई थी। पहले तो मामला शांत कर दिया गया था लेकिन बाद में शक्ति ने सोनू नामक व्यक्ति को फोन किया और अपने साथियों को बुला लिया। 12 से 15 लोग हथियार लेकर आए थे इसके बाद मामला बिगड़ गया।

## रक्षाबंधन की तैयारियों के बीच महाकाल मंदिर में सुबह अपेक्षाकृत कम रही भीड़

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

श्रावण मास के अंतिम दिनों और रक्षाबंधन पर्व की तैयारियों के बीच गुरुवार सुबह विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ सामान्य दिनों की तुलना में अपेक्षाकृत कम नजर आई। सावन के सोमवार, नागपंचमी और अन्य प्रमुख पर्वों पर जहां बाबा महाकाल के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा था, वहीं रक्षाबंधन से एक दिन पहले सुबह मंदिर क्षेत्र में दर्शन व्यवस्था पर दबाव अपेक्षाकृत कम रहा।

गुरुवार को बाबा महाकाल की भस्म आरती विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। आरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और भक्तों ने बाबा महाकाल के दिव्य दर्शन किए। हालांकि, हाल के प्रमुख पर्वों की तुलना में मंदिर के दर्शन मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में भीड़ का दबाव कम दिखाई दिया। रक्षाबंधन पर्व को लेकर महाकाल मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। परंपरा के अनुसार देश में सबसे पहले बाबा महाकाल को राखी अर्पित की जाएगी। इसके लिए पुजारी परिवार की महिलाओं द्वारा विशेष राखी तैयार की गई है। रक्षाबंधन के अवसर पर बाबा महाकाल का पंचामृत अभिषेक और विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर में बाबा महाकाल को राखी अर्पित करने के साथ विशेष महाभोग भी लगाया जाएगा।

इस अवसर पर सवा लाख लड्डुओं का महाभोग आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगा। धार्मिक परंपरा के अनुसार पहले बाबा महाकाल को राखी अर्पित करने के बाद ही देश-दुनिया में रक्षाबंधन पर्व की शुरूआत मानी जाती है। गौरतलब है कि इस वर्ष सावन के दौरान महाकाल मंदिर में लगातार बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सावन के सोमवार और नागपंचमी के संयोग पर तो मंदिर क्षेत्र में भारी भीड़ देखने को मिली थी। 17 अगस्त को नागपंचमी और सावन सोमवार के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से दर्शन व्यवस्था पर भी दबाव बना था।

# भारत ने वाहक-6 मल्टी-ड्रोन मदरशिप सिस्टम तैयार किया

## बिना जीपीएस करेगा हमला; सर्च-डिटेक्ट से डिस्ट्रॉय तक सेना की मदद करेगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

भारत की रक्षा क्षमता मजबूत करने के लिए स्वदेशी वाहक-6 मल्टी-ड्रोन मदरशिप प्रणाली विकसित की गई है। निजी कंपनी एंड्योरएयर ने सरकारी रक्षा कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के सहयोग से इसे तैयार किया है। यह ड्रोन निगरानी, लक्ष्य की पहचान और दुश्मन के ठिकानों को तबाह करने में सक्षम है। यह बिना जीपीएस के भी हमला कर सकता है। सर्च, डिटेक्ट से लेकर डिस्ट्रॉय तक यह सेना की मदद करेगा। इस सिस्टम में हवा में एक साथ कई ड्रोन तैनात किए जा सकते हैं। अलख-एस ड्रोन लक्ष्य की खोज और निगरानी करता है। इसके बाद मदरशिप और छोटे ड्रोन के बीच तुरंत सूचनाएं साझा की जाती हैं। अलख से सूचना मिलते ही ड्रोन दुश्मन के ठिकाने पर हमला कर सकते हैं।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा

# अच्छा है शकर और महंगी हो जाए 40 की उम्र के बाद नहीं खाना चाहिए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश में चीनी के बढ़ते दामों को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की टिप्पणी ने राजनीतिक बहस छेड़ दी है। बुधवार को इंदौर में पत्रकारों के सवाल पर विजयवर्गीय ने कहा कि चीनी और महंगी हो जाए तो भी कोई परेशानी नहीं, क्योंकि उनके मुताबिक ज्यादातर लोग अब चीनी नहीं खाते। उन्होंने यह भी कहा कि आगे चीनी के दाम कम होंगे और 40 वर्ष की उम्र के बाद चीनी नहीं खाना चाहिए।

विजयवर्गीय बुधवार को एक स्थानीय वृद्धाश्रम में रक्षाबंधन मनाने पहुंचे थे। इसी दौरान पत्रकारों ने उनसे चीनी के बढ़ते भाव को लेकर सवाल किया। जवाब में उन्होंने कहा कि दो दिन पहले चीनी 70 रुपये किलो थी, जबकि अब इसका भाव करीब 60 रुपये किलो हो गया है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में कीमत और कम होगी। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि वैसे भी 90 प्रतिशत लोग चीनी या मीठा नहीं खाते हैं।




### धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों के लिए भी ग्रीन मोबिलिटी सेवा होने जा रही शुरू

# उज्जैन और मांडव के लिए 8 बसें चलेंगी

## इंदौर से मांडू, उज्जैन, भोपाल समेत 5 रूट पर शुरू होंगी ई-बसें

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल/इंदौर**

सिटी बसों के बाद अब इंदौर से आसपास के धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों के लिए भी ग्रीन मोबिलिटी सेवा शुरू होने जा रही है। एआईसीटीएसएल ने इंदौर रीजन में 26 ग्रीन लाइन एसी इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए ऑपरेटरों को आमंत्रित किया है। इनमें उज्जैन और मांडव के लिए 8 बसें चलेंगी।

बसों में आधुनिक सुविधाओं के साथ ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी रहेगी। एआईसीटीएसएल पर्यटन स्थल उज्जैन और मांडव के साथ भोपाल, खरगोन, खंडवा और सेंधवा के लिए भी ये बसें चलाएगा। बसों का संचालन नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल पर होगा। कंपनी प्रीमियम लेकर ऑपरेटर को रूट आवंटित करेगी।

दूरस्थ शहरों के लिए भीः मुख्यमंत्री परिवहन सेवा के तहत दूरस्थ शहरों के लिए 20 से ज्यादा रूट की टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इंदौर से सागर, जबलपुर, शहडोल और बालाघाट सहित अन्य शहरों के लिए ऑपरेटर नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है।

### पीएम ई-बस सेवा के नए रूट तैयार, 10 बसें शुरू

सरकार ने प्रदेश में रोडवेज बसों की तर्ज पर परिवहन सेवा फिर शुरू की है। इसके तहत इंदौर और उज्जैन संभागों में 1700 से ज्यादा बसें चलाने की तैयारी है। इंदौर में सिटी बस सेवा के तहत 14 रूट पर पीएम ई-बस सेवा शुरू हो चुकी है। अगले महीनों में 150 बसें चलाने की योजना है। इनमें 10 बसें शुरू हो चुकी हैं।

## खबर एक नजर...

### राखी पर्व पर 28 अगस्त को बंद रहेगा दौलतगंज होलसेल किराना बाजार

**उज्जैन।** रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार 28 अगस्त 2026 को दौलतगंज होलसेल किराना बाजार में अवकाश रहेगा। दौलतगंज होलसेल किराना मर्चेंट एसोसिएशन के संचालक मंडल की बैठक में वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार यह निर्णय लिया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय रोहरा और सचिव आशीष जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी राखी पर बाजार बंद रखा जाएगा। संस्था ने सभी थोक किराना व्यापारियों से अनुरोध किया है कि वे शुक्रवार को अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रखें और सपरिवार पर्व का आनंद लें।

### औदीच्य महासभा में शानू मेहता नगर उपाध्यक्ष मनोनीत

**उज्जैन।** अखिल भारतीय औदीच्य महासभा ने संगठन को अधिक सुदृढ़ बनाने और सामाजिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से शानू मेहता को नगर इकाई का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

यह मनोनयन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पटेल सत्यनारायण त्रिवेदी और राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. रवि ठक्कर की अनुशंसा पर किया गया। इस नियुक्ति में प्रदेश अध्यक्ष सतीश पाण्डेय, प्रदेश महामंत्री सोहनलाल पंड्या और नगर अध्यक्ष पं. चंदन श्यामनारायण व्यास की सहमति भी शामिल है। नवीन दायित्व मिलने पर औदीच्य समाज ने मेहता को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

### 27 अगस्त की रात समाप्त हो जाएगी भद्रा- ज्योतिषाचार्य डॉ. सर्वेश्वर शर्मा

**उज्जैन।** इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व पूरी तरह से भद्रा मुक्त रहेगा। पर्व से एक दिन पूर्व 27 अगस्त चतुर्दशी की रात 9 बजकर 8 मिनट पर भद्रा समाप्त हो जाएगी। ऐसे में 28 अगस्त को बहनें बिना किसी विघ्न के शुभ मुहूर्त में अपने भाइयों को राखी बांध सकेंगी। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के आचार्य डॉ. सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त की रात 9 बजकर 8 मिनट से आरंभ होगी, जो 28 अगस्त की सुबह 9 बजकर 47 मिनट तक रहेगी। इसलिए 28 अगस्त को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व पर भद्रा का कोई प्रभाव नहीं रहेगा। राखी बांधने के लिए शुभ मुहूर्त प्रातः 7 बजकर 44 मिनट से 9 बजकर 18 मिनट तक लाभ, प्रातः 9 बजकर 18 मिनट से 10 बजकर 53 मिनट तक अमृत, दोपहर 12 बजकर 28 मिनट से 2 बजकर 53 मिनट तक अमृत, शाम 5 बजकर 12 मिनट से 6 बजकर 47 मिनट तक चर और रात 9 बजकर 38 मिनट से 11 बजे तक लाभ का रहेगा।

### श्रावण महोत्सव में एकजुट हुए पुलिस पेंशनर संघ के सदस्य

**उज्जैन।** श्रावण माह के समापन अवसर पर पुलिस पेंशनर संघ उज्जैन द्वारा पंत पिपलई स्थित मधुबन रेस्टोरेंट में श्रावण महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उज्जैन संभाग सहित इंदौर, मंदसौर, रतलाम, देवास, शाजापुर और आगर जिलों से पुलिस पेंशनर संघ के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। इसके अलावा उज्जैन जिले के सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं डीएसपी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा महाकाल के पूजन एवं तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद बाबा महाकाल के जयकारों के बीच भजन प्रस्तुत किए गए, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति आईजी डॉ रमन सिंह सिकरवार, डॉ महेंद्र सिंह सिकरवार, आईपीएस भगवत सिंह चौहान डीआईजी, एसपी धर्मेंद्र चौधरी, डीपीएस परिहार, अरविंद तिवारी, राजेश बघेल, अजीत सिंह बेस, आईपीएस विजय सिंह कुशवाहा, प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार, मंदसौर एवं प्रांतीय कार्यकारिणी अध्यक्ष एसपीएस चौहान, प्रवीण ठाकुर, वाय के पवार उपस्थित रहे।

### ईपीएफ कार्यालय का घेराव कर पेंशन बढ़ाने एवं बकाया भुगतान की मांग की

**उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स के कर्मचारियों ने भरतपुरी स्थित कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के क्षेत्रीय कार्यालय का घेराव कर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल हुए और नारेबाजी करते हुए पेंशन बढ़ाने, बकाया पीएफ राशि का भुगतान करने सहित अन्य मांगें उठाईं। ऑगेनाइजिंग मजदूर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष प्रकाश सोलंकी ने बताया कि श्री सिंथेटिक्स के कर्मचारी वर्ष 2006 से पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान में कई कर्मचारियों को भविष्य निधि से मात्र 1 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन मिल रही है, जिससे परिवार का गुजारा करना मुश्किल है। कंपनी बंद हुए करीब 21 वर्ष हो चुके हैं और कर्मचारियों का वर्ष 2005-06 का पीएफ, 19 माह का वेतन, ग्रेच्युटी एवं अन्य कटौतियों सहित करीब 165 करोड़ रुपये से अधिक की राशि बकाया है। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से चल रहे संघर्ष के दौरान कई साथी कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि उनके नामिनी को भी मात्र 1 हजार रुपये की पेंशन मिल रही है।

# महंगाई और पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

## शास्त्री नगर व इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च, केंद्र सरकार की नीतियों का किया विरोध

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बढ़ती महंगाई, पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट से वाहन खराब होने, शक्कर के बढ़ते दाम और बिजली के भारी भरकम बिलों के विरोध में कांग्रेस ने शहर में उग्र प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में शास्त्री नगर और इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में विशाल पैदल मार्च निकालकर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों का कड़ा विरोध जताया।

शास्त्री नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. बबलू खींची के नेतृत्व में जयसिंहपुरा जैन मंदिर से राजीव रत्न तक पैदल



मार्च निकाला। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम आदमी का जीना दुश्वार हो गया है। पैदल मार्च के पश्चात नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, वीनू कुशवाहा, देवव्रत यादव, चंद्रभान सिंह चंदेल, अभिषेक लाला और संचित शर्मा ने महंगाई के विरुद्ध सभा को संबोधित किया।

इस अवसर पर शिव लश्करी, वरुण शर्मा, आनंद मीणा, दुर्गेश धवन, ऋतुराज सिंह चौहान, अतुल सक्सेना, चेतन भाट, प्रतीक जैन, सोनू चौधरी, सोनू यादव, रामेश्वर कुमावत, अर्पित यादव, यश जैन, प्रकाश सोलंकी, निर्भय त्रिवेदी, रश्मि त्रिवेदी, आशीष डोंगरे, अर्जुन राठौर, सतीश मीणा, अर्जुन माली, सुनील भावसार, चेतन माली, पीयूष सारवान और सोनू परमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार जितेंद्र चौधरी ने माना। जानकारी दीपेश जैन ने दी। दूसरी ओर, इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक अध्यक्ष आनंद मीणा के नेतृत्व में आगर रोड से पैदल मार्च निकाला। यह मार्च हिंदुस्तान पेट्रोलियम पंप पर पहुंचकर धरने में तब्दील हो गया। यहां पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट से वाहनों के खराब होने और गन्ने का उपयोग एथेनॉल में होने से शक्कर के दाम बढ़ने का कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय परिवहन मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# शहीद अमृता देवी की स्मृति में नौलखी दुग्ध संघ केंद्र पर रोपे पौधे

## भारतीय मजदूर संघ के पर्यावरण मंच का आयोजन, वनों के संरक्षण पर दिया जोर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध पर्यावरण मंच ने शहीद अमृता देवी की स्मृति में नौलखी स्थित दुग्ध संघ डेयरी के प्रशिक्षण केंद्र पर पौधारोपण किया। इस दौरान परिसर में आम, शहतूत, शमी, करंज, अमरूद, मीठी नीम, गुड़हल और जामुन सहित अन्य प्रजातियों के पौधे रोपे गए।

पर्यावरण मंच की जिला संयोजिका प्रेरणा मेहता ने अतिथियों का स्वागत कर 1730 में वृक्षों की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाली अमृता देवी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। भामसं के विभाग प्रमुख सतीश शर्मा, दुग्ध संघ के महाप्रबंधक सुनील कुमार वर्मा, शिवचरण शर्मा और आदित्य नागर ने पौधारोपण के महत्व और पेड़ों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। सेवानिवृत्त वन



एसडीओ शमशेर सिंह तोमर ने पेड़ों की कटाई से बढ़ते पर्यावरणीय असंतुलन पर चिंता जताते हुए वनों को बचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश शर्मा ने की। मुख्य अतिथि सुनील कुमार वर्मा थे। विशेष अतिथि के रूप में दुग्ध संघ के सहायक महाप्रबंधक डीपी सिंह, रविंद्रपाल सिंह जादौन, शिवचरण शर्मा, आदित्य नागर और मनोहर गिरी उपस्थित थे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर का जन्मदिन पुष्पहार और मोतीमाला पहनाकर मनाया गया, जिसके बाद सभी ने मिलकर पौधे रोपे। कार्यक्रम का संचालन मनीष कारपेंटर ने किया और आभार ओमप्रकाश यादव ने माना।

पौधारोपण कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ और पर्यावरण मंच के सदस्य शामिल हुए। इनमें भामसं के जिलाध्यक्ष किशन सिंह शेखावत, मांगीलाल पाटीदार, महेशकांत व्यास, राजीव सिंह सेंगर, उदयभान सिंह यादव, विजय बैरागी, भावना नागर, विद्या जोशी, नवीन पाने, हिमांशु पसारे, रामसिंह बनिहार, तूफान सिंह शर्मा, रजनी सिसोदिया, बालमुकुंद बैरागी, शंकर सिंह चौहान, किरण कांत मेहता, आरके सिंह, आशुतोष मेहता, भारतभूषण मेहता, शिवाय मेहता, प्रियंका नागर, योगेंद्र सिंह सिसोदिया और रुक्मिणी मेहता सहित कई पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

# मैकाले की शिक्षा पद्धति छोड़ देश में फिर अपनानी होगी गुरुकुल परंपरा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री श्याम बालाजी धाम में संचालित गुरुकुल के नए सत्र के प्रारंभ पर 40 बटुक विद्यार्थियों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुआ। पालकों की उपस्थिति में यज्ञ, हवन, पूजन और हिमाद्री स्नान के साथ यह अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम बालाजी धाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी भागवतानंद गिरि भगवान बापूजी ने शिक्षा प्रणाली पर जोर देते हुए कहा कि आज मैकाले की शिक्षा पद्धति से हटकर गुरुकुल शिक्षा पद्धति को पुनः लागू करने की आवश्यकता है। गुरुकुल में ही विद्यार्थियों के भीतर भारतीय संस्कार, संस्कृति और भारत माता के प्रति अटूट श्रद्धा का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने उज्जैन के प्राचीन गौरव का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान महाकाल की यह नगरी अनादि काल से गुरुजनों की तपोभूमि रही है। यहां पूज्य महर्षि सांदीपनि जैसे महान गुरु रहे हैं, जिनके आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भाई बलराम और मित्र सुदामा के साथ रहकर मात्र 64 दिन में 64 कलाओं का अध्ययन किया था। अपने उद्बोधन में स्वामी जी ने उपस्थित भक्तों को आगामी सिंहस्थ कुंभ में आने का आमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं, जिसके चलते इस बार का कुंभ बहुत विशेष और भव्य होगा। भगवान शरण जन कल्याण सेवा समिति के विशेष सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम श्री महादेव वेदांत गुरुकुल के आचार्य राहुल व्यास के आचार्यत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की जानकारी ट्रस्ट अध्यक्ष महंत हिरदेश गुरुजी ने दी।

# 28 को 7 दुर्लभ शुभ संयोगों में मनेगा रक्षाबंधन

## राखी पर नहीं रहेगा भद्रा और चंद्र ग्रहण का साया, दिनभर बांध सकेंगे रक्षासूत्र

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भाई-बहन के प्रेम का पवित्र पर्व रक्षाबंधन इस वर्ष 28 अगस्त शुक्रवार को श्रवण नक्षत्र युक्त पूर्णिमा पर उदया तिथि के अनुसार मनाया जाएगा। इस बार राखी पर ग्रहों और नक्षत्रों के मेल से सात अत्यंत दुर्लभ और शुभ योग बन रहे हैं। खास बात यह है कि त्योहार पर भद्रा और चंद्र ग्रहण का कोई साया नहीं रहेगा, जिससे बहनों को भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, वास्तुविद व फलिताचार्य डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला ने बताया कि पंचांग के अनुसार भद्रा 27 अगस्त गुरुवार को सुबह 9 बजकर 08 मिनट पर शुरू होगी और इसी



दिन रात 9 बजकर 27 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। इसलिए 28 अगस्त को भद्रा का प्रभाव नहीं रहेगा। इसी दिन चंद्र ग्रहण भी पड़ रहा है लेकिन यह भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए देश में रक्षाबंधन पर्व और राखी बांधने के समय पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। इस साल रक्षाबंधन को शतभिषा नक्षत्र, सुकर्मा योग, त्रिपुष्कर योग और सर्वार्थ सिद्धि योग खास बना रहे हैं। शतभिषा नक्षत्र के प्रभाव में चंद्रमा कुंभ राशि में रहेगा। ज्योतिष में इस नक्षत्र को वरुण देव से जुड़ा माना गया है और राहु इसके स्वामी हैं, इसलिए इस दौरान पूजा, दान और आध्यात्मिक कार्यों का विशेष महत्व है। इसके साथ ही कर्क राशि में बृहस्पति का होना भी अत्यंत शुभ माना गया है।

### सुबह 9 बजकर 48 मिनट के बाद व्रत पारण

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि सावन मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है। जो श्रद्धालु पूरे सावन माह का व्रत और अनुष्ठान करते हैं, वे 28 अगस्त को सुबह 9 बजकर 48 मिनट के बाद अपने व्रत का पारण कर सकेंगे।

### वाग्देवी भवन की अव्यवस्थाओं को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** वाग्देवी भवन में व्याप्त विभिन्न अव्यवस्थाओं और विद्यार्थियों को हो रही परेशानियों को लेकर एनएसयूआई ने छात्र नेता अभिषेक खंडेलवाल के नेतृत्व में संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विद्यार्थियों की मूलभूत समस्याओं जैसे शौचालय की दुर्गति, बढ़ती गुंडागर्दी,शिक्षण व्यवस्था को सुचारु बनाने प्रतिदिन कक्षा लगाने तथा छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की गई। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान की मांग रखी। इस अवसर पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, अमित आजाद, ईशान धैफ्ते और रोहित लश्करी सहित संगठन के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।एनएसयूआई ने चेतावनी दी कि यदि विद्यार्थियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन द्वारा छात्रहित में लोकतांत्रिक तरीके से आगे भी आंदोलन किया जाएगा।

### वेयरहाउस संचालकों ने मांगा पांच माह का लंबित किराया और अटका कमीशन



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश निजी वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए मप्र वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन और मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक अनुराग वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इसमें वेयरहाउस संचालन की प्रक्रिया को सरल करने सहित लंबित भुगतान जल्द जारी करने की मांग उठाई गई है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डीपी भाईजी ने बताया कि ज्ञापन में प्रमुख रूप से वेयरहाउस संचालन की एसओपी का सरलीकरण करने और 1 व 1.5 प्रतिशत गेन लॉस की व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की गई है। इसके अलावा उपार्जन का 3 रुपए प्रति क्विंटल कमीशन जो एक वर्ष से बकाया है, उसका इसी माह भुगतान करने और पिछले 5 माह का लंबित मासिक किराया अविलंब जारी करने का आग्रह किया गया।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार के लिए किया प्रेरित**

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर निर्मला कॉलेज में दिखाई इसरो मिशन की डॉक्यूमेंट्री

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

निर्मला कॉलेज एवं निर्मला कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के विभिन्न मिशनों पर आधारित विशेष डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण किया गया, जिसे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक देखा।

महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विद्यार्थियों को भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों, अनुसंधान और इसरो के महत्वपूर्ण अभियानों की जानकारी मिली। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और नई कल्पनाओं को प्रोत्साहित करता है। यह दिवस प्रेरणा देता है कि आकाश हमारी सीमा नहीं, बल्कि नई संभावनाओं की शुरूआत है। देश का अंतरिक्ष क्षेत्र निरंतर प्रगति पर है और ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को स्पेस विजन 2047 की दिशा में भारत की महत्वाकांक्षी यात्रा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डॉ. एंटनी जोसफ निरप्पेल, प्रो. डॉ. कीर्ति डिड्डी, डॉ. पंकजा सोनवलकर, डॉ. राजीव त्रिवेदी, डॉ. नितिन जौहरी, सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

**विधिक जागरूकता शिविर आयोजित**

# छात्राओं को साइबर सुरक्षा, पॉश एक्ट और साइबर अपराधों की दी जानकारी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और अवनीश्री जनकल्याण एवं शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञानपीठ महाविद्यालय में 'सशक्त युवा, सशक्त भारत' विषय पर विधिक जागरूकता एवं युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नालसा जागृति योजना 2026 के अंतर्गत हुए इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों, कर्तव्यों, साइबर व लैंगिक सुरक्षा, बाल एवं महिला अधिकारों तथा मानसिक विकास के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पी.सी. गुप्ता, सचिव मनोज कुमार भाटी और जिला विधिक अधिकारी अमित शर्मा के मार्गदर्शन में तथा तृतीय सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड) सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम महादिक ने की। शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद डॉ. गिरीश पंड्या ने संस्था का परिचय दिया। प्रथम सत्र में पीएलवी ऋषिका जोशी ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, ओटीपी व पासवर्ड साझा न करने और संदिग्ध लिंक व ऑनलाइन ठगी से बचने की जानकारी दी।

**42 गुसाईं बालकों के चित्रों पर किया गया मिश्री का भोग अर्पण**

# मन की शुद्धि के बिना अपरस की सेवा सच्ची नहीं- अनुराग महाराज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल और महिला मंडल द्वारा शहर की खंडेलवाल धर्मशाला में पवित्रा बारस उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंडल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में इंदौर के मदन मोहन जी मंदिर से पधारे मुखिया श्री अनुराग जी ने विशेष व्याख्यान दिया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि जिन वैष्णवों ने ब्रह्म संबंध लिया है, उन्होंने भूतल पर विराजित और लीला में प्रवेश कर चुके 42 गुसाईं बालकों के चित्रों पर कंकू तिलक लगाकर पवित्रा धराई और मिश्री का भोग अर्पित किया। इसके साथ ही महाप्रभु जी के स्वरूप पर भी सभी ने पवित्रा धराई और भोग लगाया।

अपने आशीर्वचन में मुखिया अनुराग जी ने कहा कि केवल ब्रह्म संबंध लेने से ही कोई वैष्णव नहीं बन जाता। ब्रह्म संबंध का पालन करना और अंतरात्मा की शुद्धि के साथ अपरस करने पर ही प्रभु की सच्ची सेवा होती



है। यदि मन पवित्र और शुद्ध नहीं है, तो केवल स्नान कर धुले वस्त्र पहनकर की गई अपरस सेवा सच्ची नहीं है। उन्होंने बताया कि वैष्णवों की तीन दीपावली होती है। पहली सावन मास की पवित्रा बारस, दूसरी जन्माष्टमी और तीसरी देव दीपावली। कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों वैष्णवों ने मुखिया जी के विचारों को सुना और उनके बताए नियमों पर चलने का दृढ़ संकल्प लिया।

पवित्रा बारस के पावन दिन श्रावण शुक्ल द्वादशी संवत 1549 को श्री महाप्रभुजी श्री वल्लभाचार्य ने अपने प्रथम भक्त श्री दामोदरदास हरसाणीजी को पहली बार ब्रह्म संबंध की दीक्षा दी थी। इस प्रसंग के साथ ही पुष्टिमार्ग का आरंभ हुआ था, इसलिए इसे पुष्टिमार्ग के प्राकट्य दिवस के रूप में देखा जाता है। इस दिन वैष्णव भक्त अपने गुरुदेव और ठाकुरजी को सूत, रेशम या स्वर्ण-रजत के धागों से बने विशेष पवित्रा अर्पित करते हैं। यह पर्व जीव के परमात्मा के प्रति पूर्ण समर्पण और सेवा-भाव को दृढ़ करने का संदेश देता है।

### गुसाईं बालकों को लगाया गया भोग

कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठों, मार्गदर्शकों, परामर्शदाताओं और संचालक मंडल ने मुखिया जी को उपरना पहनाकर सम्मानित किया। मुखिया जी ने भी सभी को उपरना पहनाकर दीर्घायु का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन विट्ठल नागर ने किया और आभार आनंद पुरोहित ने माना। कार्यक्रम में विशेष तौर पर श्री विट्ठलेश जी काका जी, श्री वल्लभराय जी सूरत, श्री विनय बाबा कोटा, श्री बृजोत्सव जी इंदौर, श्री राकेश बाबा नाथद्वारा, पूज्यपाद गोस्वामी श्री 108 गोविंद राय जी महाराज, श्री विशाल बाबा नाथद्वारा, पूज्य श्री दाऊजी महाराज, पूज्यपाद श्री 108 बृजेश कुमार जी महाराज, पूज्यपाद श्री विट्ठलेनाथ जी महाराज, पूज्यपाद श्री श्याम मनोहर जी महाराज, पूज्यपाद श्री दामोदरदास जी महाराज, पूज्यपाद 108 परेश जी महाराज, श्री मुकुंद राय जी महाराज, श्री मुरली मनोहर जी मुम्बई बड़ा मंदिर, पूज्यपाद श्री बृज अलंकार महाराज, पूज्यपाद श्री कमलेश कुमार जी महाराज, गोस्वामी पूज्यपाद 108 श्री बृजराज कुमार जी महाराज, पूज्यपाद गोस्वामी 108 श्री माधवराव जी महाराज, पूज्यपाद 108 श्री नीरज कुमार जी महाराज और पूज्यपाद 108 श्री पुरुषोत्तम लाल जी।

# कबीर पंथ महासंघ के महिला विभाग में महंत मायादेवी बनीं राष्ट्रीय अध्यक्ष

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को नई दिल्ली के करोल बाग में आयोजित की गई। उज्जैन की महंत मायादेवी साहेब को नारी शक्ति का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

संस्था के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहेब की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महिला विभाग में मालवा से ही इंदौर की महंत अनुराधा कबीर पंथी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और देवास की लक्ष्मी भारती को राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन का विस्तार करते हुए भारत सरकार के सामाजिक न्याय बोर्ड के सदस्य अशोक कुमार को राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार, जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी कमिश्नर फकीरचन्द भगत को राष्ट्रीय महासचिव और लालचंद दुहन को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी की बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें अल कबीर बीफ कंपनी के नाम से 'कबीर' शब्द हटाने, छात्रों के पाठ्यक्रम में 'कबीर दास' की जगह 'सद्गुरु कबीर साहेब' करने और उनके प्रकट दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। चेतावनी दी गई है कि यदि सरकार ने ये मांगें नहीं मानीं तो देश के करोड़ों कबीरपंथी उग्र आंदोलन करेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता लालचन्द दूहन ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत राधाकिशन साहेब (देवास), राष्ट्रीय महासचिव डॉ. धर्मवीर कुमार भास्कर (पटना), भगवान दास, महंत रामपुरी साहेब, जीआर भगत, हरजोत सिंह सहित छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और झारखण्ड से आए कई पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए।

उज्जैन
गुरुवार
27
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दर्शने स्पर्शणे वापि, श्रवणे भाषणेऽपि वा।
यत्र द्रवत्यन्तरङ्गं स, स्नेह इति कथ्यते।।

**अर्थ:** अगर किसी को देखने, छूने, सुनने और बात करने से दिल खुश हो जाता है, तो वह प्यार है।

## खबर एक नजर...

### गिरफ्तारी वारंट के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, चेक बाउंस का मामला था

**इंदौर।** चेक बाउंस के एक मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद आरोपी दंपती की गिरफ्तारी नहीं होने पर न्यायालय ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सहायक पुलिस आयुक्त (अउढ) को तलब किया है। मामला कुशवाहा महिला महासभा की पूर्व अध्यक्ष रेखा कुशवाह और उनके पति नरेंद्र कुशवाह से जुड़ा है। ग्राम नावदा पंथ निवासी नरेंद्र सिंह ने वर्ष 2018 में रेखा कुशवाह और नरेंद्र कुशवाह के खिलाफ 2 लाख रुपए के चेक बाउंस का प्रकरण अधिवक्ता बसंत सितोले के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत किया था। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिए थे कि दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाए। अधिवक्ता सितोले ने बताया कि बताया गया कि गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद भी पुलिस द्वारा दोनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। इस पर न्यायालय ने नाराजगी जताते हुए 19 अगस्त 2026 को संबंधित अउढ को तलब किया। कोर्ट ने मामले में पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी भी मांगी है।

### डॉक्टर की अपॉइंटमेंट के नाम पर भेजी लिंक से निकाले 1.20 लाख

**इंदौर।** इंदौर में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। परदेशीपुरा क्षेत्र में एक महिला ने गूगल पर लीलावती अस्पताल का नंबर सर्च किया। सर्च के दौरान मिले नंबर पर कॉल करना उसे महंगा पड़ गया। ठग ने डॉक्टर की अपॉइंटमेंट के नाम पर लिंक भेजकर डेबिट कार्ड की जानकारी हासिल की और कुछ ही देर बाद महिला के खाते से करीब 1 लाख 20 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस के मुताबिक व्यापारी सुमित बंसल की पत्नी अलका को 20 अगस्त को लीलावती अस्पताल में डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लेना था। इसके लिए उन्होंने गूगल पर अस्पताल का नंबर तलाशा। वहां मिले एक नंबर पर कॉल करने पर सामने वाले ने खुद को अपॉइंटमेंट से जुड़ा व्यक्ति बताया। ठग ने अपॉइंटमेंट के लिए 'डॉक्टर अपॉइंटमेंट फाइल' नाम से एक लिंक भेजा और उसे मोबाइल से खोलने को कहा। लिंक पर डॉक्टर का नाम, मरीज का नाम, उम्र और बीमारी सहित अन्य जानकारी भरवाई गई। इसके बाद अपॉइंटमेंट कन्फर्म करने के नाम पर लिंक के जरिए सिर्फ 5 रुपए का भुगतान करने को कहा गया। महिला ने भुगतान के लिए डेबिट कार्ड की जानकारी दर्ज की, लेकिन ट्रांजैक्शन नहीं हुआ। इसके बाद लिंक को मोबाइल से डिलीट कर दिया गया।

### पलासिया में एक्टिवा सवार युवक से मारपीट

**इंदौर।** पलासिया इलाके में एक एक्टिवा सवार के साथ कार सवारों ने जमकर मारपीट कर दी। घटना का मंगलवार की है। मामले में पलासिया पुलिस ने एफआईआर करने के बजाय एनसीआर काटकर युवक को रवाना कर दिया। पलासिया पुलिस ने चंद्रभान सिंह यादव निवासी सैटेलाइट कॉलोनी देवास की शिकायत पर कार सवारों के खिलाफ मंगलवार को शिकायत दर्ज की है। युवक चंद्रभान ने बताया कि वह आंनद बाजार मार्केट के यहां अपने मालिक की दवाई लेने आया था। दवाई लेने के बाद अपनी एक्टिवा से जा रहा था। तभी पीछे से एक कार वाले ने टक्कर मार दी। उसे देखकर गाड़ी चलाने की बात की। इस बात पर वह गुस्सा हो गया। उसके साथियों के साथ मिलकर चंद्रभान के साथ मारपीट कर दी। मामले की शिकायत करने पलासिया थाने पहुंचा था।

### सड़क पर घायल युवती को देख रुके डीसीपी, भिजवाया अस्पताल

**इंदौर।** सड़क पर एक्टिवा से गिरकर घायल हुई युवती की मदद के लिए डीसीपी जोन-1 नरेंद्र रावत ने अपना वाहन रुकवाया और तत्काल उसके पास पहुंचे। वह ऑफिस जा रहे थे। रेलवे स्टेशन के पास हुई घटना पर उनकी नजर पड़ी। उन्होंने युवती का हालचाल जाना और चोट की जानकारी लेने के बाद उसके उपचार की व्यवस्था कराई। जानकारी के मुताबिक, युवती एक्टिवा से रेलवे स्टेशन के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर गई। गिरने से उसे चोट लग गई। हादसे के बाद वह सड़क किनारे घायल अवस्था में थी। उसी समय क्षेत्र भ्रमण पर निकले डीसीपी नरेंद्र रावत की नजर उस पर पड़ी। डीसीपी नरेंद्र रावत ने तत्काल अपना वाहन रुकवाया और युवती के पास पहुंचे। वह घबराई हुई थी।

### आईआईटी इंदौर, इलेक्ट्रिकल में कड़ी स्पर्धा, कम्प्यूटर साइंस का क्रेज बरकरार

**इंदौर।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर में इस सत्र में एडमिशन के लिए जोसा (जॉइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी) काउंसलिंग पूरी हो चुकी है। पिछले साल (2025) तक जोसा काउंसलिंग के 6 राउंड होते थे, लेकिन इस बार इसे 5 राउंड का कर दिया गया है। इसका सीधा असर सामान्य श्रेणी में विभिन्न ब्रांचों की ओपनिंग और क्लोजिंग रैंक (कटऑफ) पर दिखा है। आईआईटी इंदौर की दो सालों (2025 और 2026) के पहले और आखिरी राउंड की कटऑफ देखें तो इस बार कम्प्यूटर साइंस ब्रांच और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में एडमिशन की राह ज्यादा कठिन रही। सीएस:1676 रैंक पर क्लोज सीएस (कम्प्यूटर साइंस) को लेकर विद्यार्थियों में क्रेज बना हुआ है।

## महंगाई पर इंदौर कांग्रेस का हल्लाबोल : आज 22 ब्लॉकों में प्रदर्शन

# शक्कर-पेट्रोल-गैस और बिजली के दाम पर सरकार को घेरेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

बढ़ती महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेस गुरुवार को शहर में बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। 27 अगस्त को सुबह शहर के सभी 22 ब्लॉकों में ये प्रदर्शन होगा। कांग्रेस शक्कर की बढ़ती कीमत, पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण, महंगे गैस सिलेंडर और बिजली की बढ़ी दरों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर होने वाले इस आंदोलन में शहर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र के ब्लॉक में शामिल होंगे। कांग्रेस ने सभी 22 स्थानों के लिए प्रभारी भी नियुक्त किए हैं।

**शक्कर के दाम बढ़े तो त्योहारों की मिठास फीकी-** शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि शक्कर के दाम में 30 से 35 रुपए प्रति किलो तक की बढ़ोतरी ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। त्योहारों के सीजन में शक्कर महंगी होने से मिठाई बनाना भी मुश्किल हो गया है।

चौकसे ने कहा कि रक्षाबंधन के बाद गणेश चतुर्थी, श्राद्ध पक्ष, नवरात्रि, दशहरा और दीपावली आदि त्योहार आने वाले हैं। ऐसे में शक्कर की महंगाई सीधे आम परिवार की जेब पर असर डालेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध से बचने के लिए सरकार ने शक्कर के दाम में मामूली कमी दिखाई है, लेकिन इससे आम जनता को कोई बड़ी राहत नहीं मिलेगी।

**गैस सिलेंडर महंगा, रसोई का बजट बिगड़ा-** कांग्रेस ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर भी प्रदर्शन में मुद्दा बनाने का फैसला किया है। चौकसे ने कहा कि गैस सिलेंडर इतना महंगा हो गया है कि आम परिवार के लिए रसोई का खर्च संभालना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई का सीधा असर घर के बजट पर पड़ रहा है और इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेस सड़क पर उतर रही है।

**इन 22 स्थानों पर होगा प्रदर्शन-** गुरुवार सुबह 10 बजे कांग्रेस की ओर से शहर के 22 स्थानों पर प्रदर्शन किया जाएगा। इनमें चंदन नगर पेट्रोल पंप, बाणगंगा पेट्रोल पंप के पास, स्कीम नंबर 51 पुलिस चौकी के पास, एरोड्रम 60 फीट रोड एमपी पब्लिक स्कूल के पास, मंगल नगर पेट्रोल पंप आम वाला चौराहा, परदेशीपुरा चौराहा, स्कीम नंबर 54 पावर हाउस कस्तूरी सभागृह, रोबोट चौराहा, स्कीम नंबर 78 टेंपो स्टैंड, छावनी चौराहा, हरसिद्धि मंदिर रोड, राजबाड़ा पुलिस चौकी, माणिकबाग रोड पुलिस चौकी, गंगवाल बस स्टैंड-लाबरिया भेरू, महू नाका, फूटी कोठी चौराहा, तिलक नगर बैंक के पास, गीताभवन, विकास नगर थाना एमआईजी, मुसाखेड़ी पुराना टेंपो स्टैंड चौराहा, सिलिकॉन सिटी गेट और तेजाजी नगर चौराहा शामिल हैं।



### पेट्रोल में एथेनॉल पर भी कांग्रेस का सवाल

कांग्रेस ने पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने के फैसले को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा है। चौकसे का आरोप है कि इससे वाहनों की माइलेज प्रभावित हो रही है और वाहन चालकों पर मरम्मत का अतिरिक्त खर्च बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग गाड़ी से रोजी-रोटी कमाते हैं, उनके लिए पेट्रोल और वाहन रखरखाव की बढ़ती लागत दोहरी मार है।

### बिजली का बिल करंट मार रहा

बिजली की बढ़ी दरों को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर तीखा हमला बोला। चौकसे ने कहा कि बिजली की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम आदमी परेशान है और अब बिजली का बिल ही करंट मारने लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली कंपनी की लापरवाही से होने वाली बिजली चोरी का भार भी ईमानदारी से बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं पर डाला जा रहा है।

## कूच बिहार ट्रॉफी जीती, महिला टीम रही रनर-अप, इंदौर में बीसीसीआई ने दिए 50 लाख रुपये

# एमपीसीए ने क्रिकेटरों को बांटे 2.94 करोड़ रु.

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बुधवार को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश के पुरुष और महिला क्रिकेटरों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 2.94 करोड़ रुपये से ज्यादा की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और आईसीसी मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ तथा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मुख्य रूप से मौजूद रहे। एमपीसीए की ओर से हर साल विभिन्न आयु वर्ग और श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाता है। इस बार गत सत्र में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कार वितरित किए गए। समारोह में प्रदेश के बड़ी संख्या में पूर्व और वर्तमान क्रिकेटर, एमपीसीए पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। सभी खिलाड़ी एमपी के हैं। इनमें वरिष्ठ क्रिकेटर, कोच व जूनियर खिलाड़ी भी शामिल हैं।

बीसीसीआई के टूर्नामेंट में खिलाड़ियों और टीम के प्रदर्शन के आधार पर बोर्ड की ओर से पुरस्कार राशि दी जाती है। इसी तरह एमपीसीए भी अपनी ओर से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि देता है। पुरस्कार की राशि टीम और व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर तय की जाती है। गत सत्र में मध्यप्रदेश की टीम कूच बिहार ट्रॉफी की विजेता रही थी, जबकि महिला सीनियर टीम उपविजेता रही। इन उपलब्धियों के आधार पर बीसीसीआई की ओर से भी मध्यप्रदेश को करीब 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिली थी। एमपीसीए की ओर से इस बार कुल 2.94 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खिलाड़ियों को प्रदान की गई।

समारोह के दौरान खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। एमपीसीए पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में भी प्रदेश के क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई। पुरस्कारों में वरिष्ठ खिलाड़ियों से लेकर जूनियर क्रिकेटरों तक को नकद राशि और सिल्वर प्लाक दिए गए। सबसे बड़े व्यक्तिगत पुरस्कारों में माधवराव सिंधिया लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रशांत मेहता और सी.टी. सरवटे लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड आनंद पटेल को दिया गया। दोनों को 5-5 लाख रुपए और सिल्वर प्लाक प्रदान किए गए।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रधानमंत्री की एक सीख का जिक्र करते हुए कहा कि हर दो-तीन हफ्ते में अपनी टीम के साथ बैठकर यह जरूर पूछना चाहिए कि क्या अच्छा हुआ और क्या ठीक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अपनी कमियों पर ईमानदार फीडबैक लेकर उसमें सुधार करना ही आगे बढ़ने का रास्ता है। प्रधानमंत्री ने एक कैबिनेट बैठक में सभी मंत्रियों से कहा था कि अपनी टीम के साथ नियमित रूप से बैठें और उनसे पूछें कि पिछले कुछ हफ्तों में क्या ठीक हुआ और क्या सुधार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, भाई, जरा बताओ, पिछले दो-तीन हफ्तों में क्या ठीक हुआ? टीम के सदस्य शायद यह कहें कि सब अच्छा चल रहा है। लेकिन इसके साथ यह पूछना भी जरूरी है कि क्या ठीक नहीं हुआ? क्या परिवर्तन मुझे करना चाहिए?



### क्रिकेट कोई स्प्रिंट नहीं, मैराथन है

क्रिकेट कोई स्प्रिंट नहीं, बल्कि मैराथन है। जीवन की तरह क्रिकेट में भी उतार-चढ़ाव, कठिनाइयां और चुनौतियां आती हैं। लेकिन लक्ष्य के प्रति जुनून और विश्वास बना रहे तो सफलता का रास्ता खुलता है। उन्होंने कहा कि अगर दिल में जुनून की ज्वाला और लक्ष्य पर विश्वास है, तो क्रिकेट के इतिहास में खिलाड़ी अपना उचित स्थान जरूर बना सकता है। सिंधिया ने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ की तेज और आक्रामक गेंदबाजी को याद किया। उन्होंने कहा कि श्रीनाथ की धारदार गेंदबाजी ने बल्लेबाजों के मन में खौफ पैदा किया। श्रीनाथ की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि उन्होंने श्रीनाथ में बचपन से लेकर क्रिकेट करियर और आईसीसी मैच रेफरी के रूप में भी लगातार सीखने की जिज्ञासा देखी है।

### महाआर्यमन सिंधिया ने पिता की बात का किया जिक्र

एमपीसीए अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया ने बातचीत के दौरान अपने पिता और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की कही बात का भी खास तौर पर जिक्र किया। उन्होंने बताया कि जब घर में उनकी उपलब्धियों को लेकर चर्चा होती है तो उनके पिता कहते हैं, बेटा, तुमने एक साल में इतना कुछ कर दिया। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर एक साल में बहुत कुछ हुआ और कई उपलब्धियां हासिल हुईं, लेकिन इसका श्रेय अकेले खुद को नहीं देता।

## लाखों श्रीफल से होगा सामूहिक महाअर्घ्य




ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

संत शिरोमणि प.पू. विद्यासागर म.सा. के परम प्रभावक शिष्य और राष्ट्रसंत मुनि पुंगव प.पू. श्री सुधासागर महाराज संसघ के पावन सानिध्य में शहर के सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से पहली बार लाखो श्रीफल (नारियल) से सामूहिक महाअर्धय समर्पित कर रक्षाबंधन महामहोत्सव का ऐतिहासिक जश्न शुक्रवार 28 अगस्त को दलाल बाग परिसर में आयोजित होगा।

धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इसे श्रमण संस्कृति रक्षा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान शहर के प्रत्येक सौभाग्यशाली जैन परिवार विधान मे700 श्रीफल समर्पित करेंगे। श्रीफल की यह कुल संख्या लाखो से अधिक होगी। इसके पूर्व कभी भी शहर में इस तरह के रक्षाबंधन विधान महामहोत्सव का विशाल आयोजन नहीं हुआ है।

सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति की ओर से चक्रवर्ती आकाश दिपीका कोल शिवानी-नवीन गोधा, तृप्ति-हर्ष जैन, सपना-मनीष गोधा, अंतिका-आनंद गोधा ने बताया कि महोत्सव में शुक्रवार को सुबह 6 बजे से श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवं राष्ट्रसंत के पाद प्रक्षालन, 6.30 बजे से मंगलाचरण, रक्षाबंधन पूजन एवं 7 बजे से सामूहिक रक्षाबंधन विधान का अनूठा आयोजन होगा। सुबह 8.45 बजे से धर्म संस्कृति की रक्षा और श्रावक के कर्तव्य पर राष्ट्रसंत के विशेष प्रवचन होंगे। सुबह 10 बजे से वात्सल्य सूत्र का दिव्य आयोजन भी होगा। शहर में पहली बार हो रहे इस महोत्सव में देशभर के श्रद्धालु और समाज बंधु शामिल होंगे। इसी दिन संध्या को 6 बजे से जिज्ञासा समाधान का आयोजन भी दलाल बाग के विशाल विद्या-सुधा सत्संग मंडप में होगा।

## पुलिस की प्रताड़ना से 3 दिन सो नहीं पाया इंजीनियर

# क्राइम ब्रांच, मोबाइल डेटा लीक और एफआईआर का डर दिखाया, गाड़ी में बैठाकर ले गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

क्राइम ब्रांच के तत्कालीन टीआई सुजीत श्रीवास्तव, कॉन्स्टेबल विकास सेंधव, निजी ड्राइवर अभय सिंह और निजी व्यक्ति दीपक पटेल के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस की एफआईआर के बाद नए तथ्य सामने आए हैं।

सूत्रों के मुताबिक, इंजीनियर को कई बार गाड़ी में बैठाकर ले जाया गया। कुछ मौकों पर उसका मोबाइल भी अपने पास रख लिया गया। लगातार फोन और दबाव के चलते वह इतना परेशान हो गया कि करीब तीन दिन तक ठीक से सो नहीं पाया। परिवार ने उसके व्यवहार में बदलाव देखा तो पूछताछ की। इसके बाद युवक ने परिवार को पूरी बात बताई। उसकी मां ने 2 अप्रैल को लोकायुक्त पुलिस में शिकायत की।

इसी बीच 13 अगस्त को इंदौर बायपास पर फीनिक्स मॉल के पास युवक का एक्सीडेंट हो गया। हादसे में सिर, पैर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वह आईसीयू में भर्ती है। फिलहाल, बातचीत की स्थिति में नहीं है।

### ऐसे बढ़ता गया इंजीनियर पर दबाव

सूत्रों के मुताबिक, मार्च के आखिरी 3-4 दिन में युवक के पास टीआई से जुड़े लोगों के फोन आने शुरू हुए। उसे शिकायत और कथित जांच के नाम पर दबाव में लिया गया। आरोप है कि उसे अलग-अलग तरीकों से मानसिक दबाव में रखा गया।

### मोबाइल डेटा और बैंक खाते का डर दिखाया

युवक से कहा गया कि उसके मोबाइल नंबर और बैंक अकाउंट से संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुए हैं। मोबाइल का डेटा लीक होने की बात कहकर भी उसे डराया गया। उसे बताया गया कि मामला गंभीर है और कार्रवाई हो सकती है।

**एफआईआर और परिवार को बताने की बात कही-** आरोप है कि युवक को एफआईआर दर्ज होने और इसकी जानकारी परिवार तक पहुंचने का डर दिखाया जाता था। उसे परिवार को इस बारे में कुछ नहीं बताने के लिए भी कहा गया।

## इंदौर में रानीपुरा से राजबाड़ा तक सजे बाजार, री-यूजेबल डिजाइन और चांदी की राखियों का बढ़ा क्रेज

# अब जूड़े से झुमके और तोरण तक काम आएंगी राखियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के राखी बाजारों में रौनक बढ़ गई है। रानीपुरा से राजबाड़ा तक सजे बाजारों में 10 रुपए से लेकर हजार रुपए तक की राखियां उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए कार्टून, सॉफ्ट टॉय और लाइट वाली राखियों से लेकर नग, मोती, लटकन और आकर्षक डिजाइन वाली राखियां लोगों को पसंद आ रही हैं।

इस बार बाजार में री-यूजेबल राखियां खास आकर्षण बनी हुई हैं। बड़ी लटकन और नगों से सजी इन राखियों को रक्षाबंधन के बाद भी अलग-अलग तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है। राखी का बीच वाला हिस्सा निकालकर जूड़े में लगाया जा सकता है, जबकि लटकन को झुमके, ब्रेसलेट या दुपट्टे की एक्सेसरी के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। कुछ बड़ी लटकनों को मोतियों के साथ जोड़कर दरवाजे के लिए तोरण बनाया जा सकता है। वहीं कुछ डिजाइन को चैन के साथ लगाकर माथापट्टी का रूप दिया जा सकता है।

**बच्चों के लिए कार्टून और लाइट वाली राखियां-** छोटे बच्चों के लिए बाजार में उनके पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर, सॉफ्ट टॉय और रोशनी वाली राखियों की अलग रेंज है। पारंपरिक डिजाइन के साथ आधुनिक फैशन को ध्यान में रखकर भी कई वैरायटी तैयार की गई हैं।

बाजार में कमल की तरह खुलने वाला राखी सेट भी लोगों का ध्यान खींच रहा है। इसमें परिवार के चार सदस्यों के लिए अलग-अलग राखियां रखी गई हैं। इसे खास तौर पर न्यूक्लियर परिवारों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।



### 13 फीट तक की शो-राखियां भी तैयार

पालरेचा बंधु की ओर से इस बार करीब 13 फीट लंबी और 3 फीट चौड़ी शो-राखियां तैयार की जा रही हैं। इनका इस्तेमाल बड़े स्तर पर सजावट और शो के लिए किया जाता है। इंदौर के अलग-अलग मंदिरों के लिए थीम के अनुरूप विशेष राखियां भी बनाई जा रही हैं। इससे राखी का स्वरूप व्यक्तिगत उपहार से आगे बढ़कर सजावट और धार्मिक आयोजनों तक पहुंचता नजर आ रहा है।

### चांदी की राखियों की मांग बढ़ी

ज्वेलरी बाजार में भी चांदी की राखियों को लेकर खास उत्साह है। ज्वेलर्स के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस बार चांदी की राखियों की मांग ज्यादा है। हल्के वजन के सोने-चांदी के आभूषणों की बिक्री भी अच्छी बनी हुई है।

# मायास मेकअप एकेडमी का भव्य शुभारंभ, कान्हा बाबा का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर के सुखलिया क्षेत्र में सौंदर्य एवं मेकअप प्रशिक्षण के क्षेत्र में नई पहल के रूप में मायास मेकअप एकेडमी का भव्य शुभारंभ किया गया। 26 अगस्त को आयोजित उद्घाटन समारोह में कान्हा बाबा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। खास बात यह रही कि इसी अवसर पर कान्हा बाबा का जन्मदिन समारोह भी उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।






कार्यक्रम में एकेडमी से जुड़े लोगों, शुभचिंतकों और आमंत्रित अतिथियों ने कान्हा बाबा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान केक काटकर जन्मदिन का जश्न मनाया गया और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं दीघार्यु की कामना की। सुखलिया स्थित 131 करास देव नगर, मोहन सागर स्क्वायर के समीप शुरू हुई मायास मेकअप एकेडमी का उद्देश्य मेकअप और ब्यूटी के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं एवं महिलाओं को बेहतर प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को निखारना है। एकेडमी के माध्यम से मेकअप कला, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जाएगा। ग्रैंड ओपनिंग के अवसर पर एकेडमी परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। समारोह में मौजूद लोगों ने नई शुरूआत के लिए एकेडमी संचालकों को शुभकामनाएं दीं। आयोजकों ने कहा कि आज के दौर में ब्यूटी एवं मेकअप इंडस्ट्री में रोजगार और स्वरोजगार की अनेक संभावनाएं हैं। ऐसे में प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को अपने हुनर को व्यवसाय में बदलने का अवसर मिल सकता है। मायास मेकअप एकेडमी का शुभारंभ और कान्हा बाबा का जन्मदिन समारोह एक ही अवसर पर होने से कार्यक्रम दोहरी खुशी का मौका बन गया। समारोह में मौजूद लोगों ने इस यादगार अवसर को उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में आशीर्वाददाता पृथ्वीराज टटवारिया ललिता टटवारिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन के लिए जेल गेट पर लगा हस्तशिल्प का स्टॉल

**नरसिंहपुर।** केंद्रीय जेल नरसिंहपुर में रक्षाबंधन के अवसर पर महिला बंदियों के हुनर को नया मंच मिला है। जेल में 10 से 15 महिला बंदी रंग-बिरंगे धागों, मोतियों और सजावटी सामग्री से आकर्षक राखियां तैयार कर रही हैं। पुरुष बंदी भी जूट और लकड़ी से हस्तनिर्मित सामग्री बना रहे हैं। महिला बंदियों ने तैयार राखियों में पारंपरिक और आधुनिक डिजाइन का मेल देखने को मिल रहा है। रंग-बिरंगे रेशमी धागों, मोतियों और सजावटी सामग्री से बनी राखियां आकर्षण का केंद्र हैं। बच्चों के लिए 'भाई-ब्रदर' लिखी विशेष राखियां भी तैयार की जा रही हैं। इस पहल में पुरुष बंदी भी अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके द्वारा जूट और लकड़ी से विभिन्न आकर्षक वस्तुएं तैयार की जा रही हैं, जिन्हें रक्षाबंधन पर उपहार के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। बंदियों के बनाए उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए जेल प्रशासन ने जेल परिसर के बाहर स्टॉल लगाया है। यहां शहरवासी उचित मूल्य पर राखियां और हस्तनिर्मित सामग्री खरीद सकते हैं। इससे बंदियों को अपने हुनर को समाज से जोड़ने का अवसर मिल रहा है। जेल अधीक्षक अदिति चतुर्वेदी ने बताया कि बंदियों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना पुनर्वास प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। राखी निर्माण से महिला बंदियों में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि आमजन के लिए जेल गेट के बाहर स्टॉल लगाए गए हैं, ताकि बंदियों के हुनर को सम्मान और प्रोत्साहन मिल सके। रक्षाबंधन पर अपने बंदी भाइयों को राखी बांधने पहुंचने वाली बहनों की सुविधा और सुरक्षा के लिए भी जेल परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## मंदसौर के बागड़ी का खेड़ा में एक साथ 5100-पौधे लगाए

**मंदसौर।** मंदसौर जिले की सीतामऊ तहसील के ग्राम बागड़ी का खेड़ा में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल की गई है। यहां एक साथ 5100 पौधे रोपकर ह्यपद्म वसुधा आरण्यह्ल विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य सिर्फ पौधारोपण करना नहीं, बल्कि ऐसा प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है, जो आने वाले समय में जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण का आधार बने। पद्म वसुधा आरण्य के लिए पहले उपयुक्त भूमि का चयन किया गया। इसके बाद पूरे क्षेत्र में फेंसिंग कराई गई और पौधों की सिंचाई के लिए जल व्यवस्था सुनिश्चित की गई। तैयार क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से 5100 पौधे लगाए गए। इस पद्धति के तहत कम जगह में विभिन्न प्रजातियों के पौधों को घना लगाकर प्राकृतिक वन जैसा वातावरण तैयार किया जाता है। इससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ने के साथ स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत करने में मदद मिलती है।

## रतलाम में एक वॉट्सएप-मैसेज पर आधी रात हजारों हिंदू जुटे

**रतलाम।** बुधवार देर रात वाट्सएप पर एक मैसेज वायरल होने के करीब दो घंटे बाद बड़ी संख्या में हिंदू समाजजन आधी रात 12 बजे त्रिवेणी मुक्तिधाम पर एकत्र हुए। युवाओं की टोलियां भगवा गमछा पहने और जय-जय श्री राम के नारे लगाते हुए मुक्तिधाम के बाहर पहुंचीं। यहां आगामी अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन के चल समारोह सामूहिक रूप से निकालने का निर्णय लिया गया। वायरल मैसेज के बाद रात करीब 12 बजे त्रिवेणी मुक्तिधाम पर लोगों की संख्या लगातार बढ़ती गई। युवाओं के साथ व्यापारी, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग, भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिक भी यहां पहुंचे। मौके पर मौजूद लोगों ने आगामी अनंत चतुर्दशी को लेकर सामूहिक आयोजन की बात कही। इस दौरान रतलाम की सड़कों पर एक से डेढ़ लाख हिंदू समाजजनों के एकत्र होने का आह्वान किया गया। मुक्तिधाम पर हुई चर्चा में तय किया गया कि 6 सितंबर को जेएमडी पैलेस में हिंदू समाज की बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में अनंत चतुर्दशी के आयोजन समेत अन्य मुद्दों पर आगे के निर्णय लिए जाएंगे। फिलहाल यह भी कहा गया कि गणेश विसर्जन के दौरान अलग-अलग चल समारोह निकालने के बजाय इस बार सामूहिक रूप से आयोजन किया जाएगा।

## आइसक्रीम नहीं मिली तो पुलिसकर्मी ने होटल चौकीदार को पीटा

**सतना।** सतना में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के प्रतिहार होटल में देर रात आइसक्रीम देने से मना करने पर एक पुलिसकर्मी ने होटल के चौकीदार से मारपीट की। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने बुधवार शाम कोलगवां थाने में पदस्थ कांस्टेबल राहुल सिंह को लाइन अटैच कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान को मामले की जांच सौंपी है। यह घटना मंगलवार रात की है। बताया गया कि होटल संचालक काउंटर बंद कर घर जा चुके थे। उस समय मानिकपुर, जिला चित्रकूट निवासी करीब 40 वर्षीय चौकीदार रामदेव होटल में मौजूद थे और खाना खा रहे थे। इसी दौरान कांस्टेबल राहुल सिंह वहां पहुंचे और आइसक्रीम मांगी। चौकीदार ने काउंटर बंद होने का हवाला देते हुए आइसक्रीम देने में असमर्थता जताई। चौकीदार की बात सुनकर पुलिसकर्मी राहुल सिंह नाराज हो गए और उन्होंने चौकीदार के साथ मारपीट शुरू कर दी।

## रेल यात्रियों को निशाना बनाने वाला अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार

**सतना।** सतना में जीआरपी पुलिस ने रेल यात्रियों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। आरोपी की गिरफ्तारी बुधवार को की गई। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान नितिन यादव उर्फ सोनू करिया (26) के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के मानिकपुर स्थित महावीर नगर का निवासी है। उसके खिलाफ जीआरपी थाना सतना में अपराध क्रमांक 410/26 के तहत धारा 303(2) बीएनएस और अपराध क्रमांक 412/26 के तहत धारा 305(सी) बीएनएस में मामले दर्ज हैं।

# रक्षाबंधन पर फ्लाइट के बराबर बसों का किराया... भोपाल, इंदौर से कहीं भी जाना तीन गुना से ज्यादा महंगा हुआ

**ब्रह्मास्त्र** ›› भोपाल

भोपाल के आईएसबीटी बस स्टैंड पर अपने परिजन के साथ बैठी बस का इंतजार करती आरती खरवार ने आपबीती साझा की। आरती के साथ पांच लोग हैं और उन्हें मुंबई जाना है, लेकिन तीन गुना किराया देने पर भी बस का टिकट नहीं मिल रहा है।

रक्षाबंधन से एक दिन पहले, 27 अगस्त को भोपाल और इंदौर से बस के जरिए दूसरे शहर जाना चाहते हैं तो आपको जेब ढीली करनी पड़ेगी। दरअसल, त्योहार पर घर जाने वाले और वापस लौटने वाले यात्रियों से बस ऑपरेटर मनमाना किराया वसूल कर रहे हैं। ऑनलाइन पोर्टल पर इंदौर से पुणे जाने वाली कई बसों का किराया तो फ्लाइट के किराए के बराबर पहुंच गया है। भास्कर ने इंदौर और भोपाल से पुणे, मुंबई, बनारस जैसे बड़े शहरों के लिए चलने वाली बसों के किराए की पड़ताल की और वहां जाने वाले यात्रियों से भी बात की। इसमें मनमाने किराया वसूली की हकीकत सामने आई। मप्र के भीतर ही भोपाल या इंदौर से रीवा, सिवनी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, गुना और ग्वालियर जाने वाली बसों का किराया भी तीन से चार गुना तक बढ़ा दिया गया है।

प्रदेश सरकार पहले ही यात्री बसों के किराए में 60 से 75 प्रतिशत तक वृद्धि कर चुकी है। नई किराया व्यवस्था के तहत साधारण बस का किराया 2 रुपए प्रति किलोमीटर और न्यूनतम किराया 10 रुपए तय किया गया था। इससे पहले साधारण बस का किराया 1.25 रुपए प्रति किलोमीटर और न्यूनतम किराया 7 रुपए था। अलग-अलग श्रेणी की बसों में साधारण किराए के मुकाबले 10 से 75 प्रतिशत तक अतिरिक्त किराया तय किया गया है। नई व्यवस्था में रात्रिकालीन बस सेवा के लिए 10 प्रतिशत, नॉन-एसी डीलक्स बस के लिए 25 प्रतिशत, स्लीपर बस के लिए 40 प्रतिशत, एसी डीलक्स बस के लिए 50 प्रतिशत और सुपर लग्जरी एसी कोच के लिए 75 प्रतिशत अधिक किराया तय किया गया था। सीहोर के कुबरेश्वर धाम में सावन माह में निकाले जाने वाली कांवड़ यात्रा के कारण ट्रेनों और बसों में भीड़ बढ़ी है। इस यात्रा में महाराष्ट्र, उप्र, बिहार, गुजरात समेत कई राज्यों से हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं।



### 1300 का सफर, टिकट मिली 3200 में

परिवार के साथ भोपाल से दिल्ली जा रहे गौरव भारद्वाज ने बताया कि पहले आमतौर पर लग्जरी बस का किराया 1300 से 1500 रुपए के आसपास होता था। लेकिन अभी पीक टाइम होने के कारण टिकट नहीं मिल रही हैं। काफी अनुरोध करने के बाद मुझे एक टिकट 3200 रुपए में मिली, जबकि रात 8 बजे की बस का किराया 4500 रुपए है। किराया लगभग दोगुना हो गया है, जबकि कुछ जगहों पर यह तीन गुना तक पहुंच गया है। पहले मुझे 3000 रुपए का किराया बताया गया था, लेकिन दस मिनट के अंदर ही यह बढ़कर 3200 रुपए हो गया। इसका सीधा असर मेरी जेब पर पड़ रहा है। त्योहार के दौरान ट्रेनों में लंबी वेटिंग और टिकट की कमी के कारण यात्रियों की निर्भरता बसों पर बढ़ जाती है। इसका फायदा उठाकर कई रूटों पर बस ऑपरेटर सामान्य किराए से कई गुना अधिक किराया वसूल रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि त्योहार पर साल में एक-दो बार ही घर जाने का मौका मिलता है, लेकिन इतना अधिक किराया आम आदमी के बजट पर भारी पड़ रहा है।

इस इस साल ये यात्रा रक्षाबंधन से ठीक 3 दिन पहले 25 अगस्त को थी, जिसमें करीब 5 लाख लोग शामिल हुए थे। इसके कारण सीहोर से लौटने वाले यात्रियों के चलते भोपाल से चलने वाली ट्रेनों और बसों में अचानक भीड़ बढ़ गई। परिवार के साथ मुंबई से सीहोर आए अमित कारवार भी भोपाल आएसबीटी में बस का इंतजार करते दिखे। अमित ने बताया कि हम मुंबई के विरार से आए हैं। ट्रेन का टिकट नहीं मिला। इसी वजह से अब हमें बस से जाना पड़ रहा है।

इसके बावजूद रक्षाबंधन के मौके पर यात्रियों से सामान्य किराए से दो से चार गुना तक अधिक राशि वसूले जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। यानी पहले से बढ़े निर्धारित किराए के ऊपर त्योहार की भीड़ का फायदा उठाकर यात्रियों की जेब पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। भोपाल आरटीओ जीतेंद्र शर्मा ने बताया कि त्योहार पर बस संचालकों द्वारा मनमाना किराया वसूले जाने की शिकायतों पर हमने कई बसों पर कार्रवाई की है।

# मंत्रियों के साथ दो दिन चिंतन करेंगे सीएम मोहन यादव

## पहली बार कलेक्टर-कमिश्नर और विभाग प्रमुखों के साथ फ्यूचर रोडमैप पर होगा मंथन

**ब्रह्मास्त्र** ›› भोपाल

सीएम डॉ मोहन यादव पहली बार चिंतन शिविर का आयोजन करने जा रहे हैं। सितंबर में सीएम सभी मंत्रियों के साथ दो दिनों तक चिंतन-मंथन करेंगे। सीएम के निर्देश पर इस चिंतन शिविर की तैयारियां की जा रही हैं।

अगले महीने में प्रस्तावित चिंतन शिविर में मंत्रियों के समूह बनाकर ढाई साल में हुए विभागीय कामों, योजनाओं की प्रोग्रेस की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही संकल्प पत्र के मुताबिक अगले ढाई साल के रोडमैप पर भी चर्चा होगी। इस बार के चिंतन शिविर में तीन-चार विभागों के मंत्रियों के ग्रुप बनाकर चिंतन-मंथन किया जाएगा। चिंतन शिविर के दौरान कलेक्टर-कमिश्नर से लेकर विभागों के एसीएस, पीएस भी मौजूद रहेंगे। सीएम की इच्छा है कि मंत्रियों के साथ होने वाली समीक्षा बैठक में प्रभार के जिलों की स्थिति पर भी चर्चा हो और वहां की स्थानीय चुनौतियों, कामों को लेकर रिव्यू में अफसरों से सवाल-जवाब किए जा सकें।



### शिवराज करते रहे हैं चिंतन शिविर का आयोजन

शिवराज सिंह चौहान अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में चिंतन शिविरों का आयोजन करते रहे हैं। 2022 में शिवराज कैबिनेट ने दो दिनों तक पचमढ़ी में चिंतन-मंथन किया था। इस चिंतन शिविर में 2023 के विधानसभा चुनाव के हिसाब से रणनीति पर चर्चा हुई थी। अगले साल यानी 2027 में एमपी में नगरीय निकायों के चुनाव हैं। इसके बाद त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव भी होंगे। चिंतन शिविर में प्रदेश के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के हिसाब से योजनाओं के क्रियान्वयन और आगामी योजना पर मंथन होगा। कोर्ट के आदेश पर होने वाले छात्र संघ चुनाव से लेकर सहकारिता, मंडी, जल उपभोक्ता संस्थाओं के चुनाव भी होने हैं इस चिंतन शिविर में इन मुद्दों पर भी रणनीति बनेगी। लंबे समय से अधिकांश मंत्री अपने प्रभार के जिलों में बदलाव की मांग कर रहे हैं। कई मंत्रियों के प्रभार के जिलों की दूरी 500 किलोमीटर से लेकर एक हजार किलोमीटर तक है। ऐसे में अधिकांश मंत्री अपने प्रभार के जिले बदलने की मांग कर चुके हैं। सीएम और संगठन के निर्देश के बाद भी मंत्री प्रभार के जिलों में प्रवास में रूचि नहीं ले रहे हैं। इस चिंतन शिविर के बाद मंत्रियों के प्रभार के जिलों में बदलाव किया जा सकता है।

### आर्थिक बचत के लिए चिंतन शिविर भोपाल में होगा

आमतौर पर चिंतन शिविर राजधानी से दूर एकांत क्षेत्र में आयोजित किए जाते रहे हैं। लेकिन, मंत्रियों से लेकर तमाम अफसरों को भोपाल के बाहर शिविर में आने-जाने ठहरने में काफी खर्च होता है। सीएम ने यह सुझाव दिया है कि राजधानी में ही यह चिंतन शिविर आयोजित किया जाए। ताकि मंत्री-अफसर सब आसानी से रात्रि विश्राम के लिए अपने घर जा सकें। और आने-जाने ठहरने की व्यवस्थाओं पर होने वाले खर्च से बचा जा सके।

## वकील ने युवक को 10 सेकंड में 15 थप्पड़ मारे..

**ब्रह्मास्त्र** ›› बालाघाट

मध्य प्रदेश के बालाघाट कोर्ट परिसर के बार रूम में वकील ने एक युवक को जमकर पीटा। लात-घूसे मारे और करीब 10 सेकंड में 15 थप्पड़ बरसाए। चेहरे पर 4-5 घूंसे मारे। बार रूम में कॉलर पकड़कर घसीटा और बाहर भी पीटा। वकील ने गर्दन भी मरोड़ दी। कोतवाली पुलिस के मुताबिक, पीड़ित युवक मोहित कावड़े लवेरी का रहने वाला है। वारदात 21 अगस्त की दोपहर करीब 3:30 से 4 बजे के बीच हुई। कहासुनी के बाद वकील ने युवक पर हमला कर दिया। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सोशल मीडिया पर 26 अगस्त को सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ है। इसमें वकील किसी से फोन पर बात करता दिख रहा है। अचानक फोन काटकर बार रूम में रखे टेबल पर पटकता है। इसके बाद तेजी से दूसरे कमरे की ओर बढ़ता है। वहां से युवक की कॉलर पकड़कर खींचते हुए लाता है। इस दौरान बार रूम में 15-20 वकील मौजूद थे। कॉलर पकड़कर खींचते हुए युवक का सिर दरवाजे पर पटक देता है। युवक जमीन पर गिर जाता है। वकील उसकी कॉलर पकड़कर उठाता है और पीटना शुरू कर देता है। ताबड़तोड़ थप्पड़ मारता है। मौके पर मौजूद वकील बीच-बचाव करते हैं, लेकिन वकील कपिल सिहोरे नहीं रुकता। वह युवक के चेहरे पर 4-5 घूंसे और लात मारता है। लोगों ने बीच-बचाव किया, लेकिन वह युवक को बार रूम के बाहर भी पीटता है।

### राखी के अगले दिन जनविश्वास अभियान होगा

# आवासीय विद्यालय, छात्रावास का निरीक्षण और संवाद करेंगे अफसर

**ब्रह्मास्त्र** ›› बालाघाट

सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश के उपरांत मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के संबंध में सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त, कलेक्टर और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि अभियान के दौरान जनसमस्याओं के समाधान, शासकीय संस्थानों के निरीक्षण और आमजन से संवाद को प्राथमिकता देना है।

रक्षाबंधन के अगले दिन 29 अगस्त शनिवार को बालाघाट जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान मुख्यमंत्री की मौजूदगी में आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान जिला स्तरीय समाधान ऑनलाइन में चिन्हित शिकायतों को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कर उनका समाधान किया जाएगा। बैठक के साथ मीडिया और उद्योग संवाद भी होगा। इसका उद्देश्य स्थानीय समस्याओं, विकास कार्यों और औद्योगिक गतिविधियों से जुड़े मुद्दों पर संबंधित पक्षों से सीधे संवाद करना है।



शासन ने निर्देश दिए हैं कि अन्य सभी जिलों में भी 29 अगस्त 2026 को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान आयोजित किया जाए।

### छात्रावास, आश्रम और आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण अनिवार्य

जन विश्वास अभियान के दौरान विभिन्न शासकीय आवासीय संस्थाओं का भ्रमण और निरीक्षण अनिवार्य किया गया है। इनमें आवासीय विद्यालय, आश्रम, छात्रावास सहित अन्य शासकीय आवासीय संस्थाएं शामिल हैं। इन संस्थाओं में रहने वाले छात्र-छात्राओं और युवाओं से संवाद एवं चर्चा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं, ताकि उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को सीधे समझा जा सके।

## रतलाम में ईद मिलादुन्नबी जुलूस के बाद पुलिस की कार्रवाई


**ब्रह्मास्त्र** ›› रतलाम

रतलाम में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बुधवार को निकाले गए जुलूस में निर्धारित ध्वनि सीमा और प्रशासनिक निर्देशों का पालन नहीं करने वाले डीजे संचालकों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 12 डीजे जब्त किए हैं, जबकि 10 डीजे संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसके अलावा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अलग-अलग डीजे पर कुल 60 हजार रुपए के चालान काटे गए हैं। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान कई स्थानों पर डीजे तेज आवाज में बजाए जाने की शिकायतें पुलिस तक पहुंची थीं। लोगों ने निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि को लेकर आपत्ति जताई थी। जुलूस के दौरान पुलिसकर्मियों ने कुछ स्थानों पर डीजे की आवाज कम कराने का प्रयास भी किया, लेकिन आयोजकों की ओर से विरोध किए जाने की बात सामने आई। कानून व्यवस्था प्रभावित न हो, इसे देखते हुए पुलिस ने तेज आवाज में डीजे बजाने वालों को चिन्हित किया।

# जेवर गिरवी रखे, 22 लाख दिए फिर भी नहीं छोड़ा, दंपती को 96 दिन रखा डिजिटल अरेस्ट

**ब्रह्मास्त्र** ›› भोपाल

भोपाल के कोलार इलाके में रहने वाले बुजुर्ग दंपती को ठगों ने 3 महीने तक डिजिटल अरेस्ट में रखा। ठगों ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी, चीफ इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर और सुप्रीम कोर्ट का जज बताया। दंपती को करोड़ों रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी दी।



डर के कारण दंपती ने जेवर गिरवी रखकर 22 लाख रुपए दे दिए। आरोपियों ने 7 अलग-अलग हँ३२अस्त्रस्त्र नंबरों का इस्तेमाल किया। दंपती को लगातार वीडियो कॉल के जरिए निगरानी में रखा गया।बुजुर्ग दंपती को ठगी का संदेह हुआ। इसके बाद साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई।

इसके बाद वीडियो कॉल पर पूछताछ शुरू हुई। दंपती को किसी से बात करने और घर से बाहर निकलने से रोक दिया गया। 21 मई को खुद को चीफ इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर बताने वाली महिला ने बैंक खातों की जानकारी ली।

अगले दिन वीडियो कॉल पर फर्जी जज से बात कराई गई। उसने दंपती के आधार कार्ड की जानकारी दिखाकर कार्रवाई की धमकी दी। 9 जून को फिर फर्जी जज ने संपत्ति सीज करने का आदेश सुनाया। इसके बाद निशा पटेल नाम की महिला ने दंपती को भोपाल लौटने को कहा।

आरोपियों ने मामला खत्म करने के नाम पर एफडी और जेवर बेचने या गिरवी रखने को कहा। दंपती 10 जून को आंध्र प्रदेश से रवाना होकर 11 जून को भोपाल पहुंचे। 12 जून को जेवर गिरवी रखकर 22 लाख रुपए जुटाए।

### आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं बुजुर्ग दंपती

पुलिस के मुताबिक, कृष्णा कॉम्प्लेक्स गणपति एन्क्लेव निवासी सुवर्णा लक्ष्मी और नरसिम्हा राव मूल रूप से आंध्र प्रदेश के पलनाडू जिले के रहने वाले हैं। फरवरी में शिवरात्रि मनाने परिवार के साथ आंध्र प्रदेश गए थे। 19 मई को सुवर्णा के मोबाइल पर कॉल आया। कॉलर ने खुद को दिल्ली के दरियागंज थाने का अधिकारी खन्ना बताते हुए कहा कि उनके नाम गिरफ्तारी वारंट है। दिल्ली केनरा बैंक खाते से नरेश गोयल के मनी लॉन्ड्रिंग केस में करोड़ों रुपए के लेनदेन का आरोप लगाया।

### राजधानी में अब ग्रीन लाइन बसें

# इंदौर से उज्जैन, मांडू, भोपाल समेत 5 रूट पर शुरू होगी

**ब्रह्मास्त्र** ›› इंदौर/भोपाल/उज्जैन

सिटी बसों के बाद अब इंदौर से आसपास के धार्मिक और पर्यटन स्थलों के लिए भी ग्रीन मोबिलिटी सेवा शुरू होने जा रही है। एमआईसीटीएसएल ने इंदौर रीजन में 26 ग्रीन लाइन इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना तैयार की है। इन बसों का संचालन ऑपरेटरों को सौंपा जाएगा, जो करीब 8 साल तक बसों का संचालन और रखरखाव करेंगे। बसों में यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। ग्रीन लाइन सेवा के तहत इंदौर से उज्जैन, मांडू, भोपाल, खरगोन-खंडवा और सेंधवा के लिए बसें चलाने की योजना है। इनका संचालन नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल के तहत किया जाएगा। कंपनी प्रीमियम लेकर ऑपरेटर को रूट आवंटित करेगी।

मुख्यमंत्री परिवहन सेवा के तहत दूरस्थ शहरों के लिए 20 से ज्यादा रूट की टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इंदौर से सागर, जबलपुर, शहडोल और बालाघाट समेत अन्य शहरों के लिए भी ऑपरेटर नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश में रोडवेज बसों की तर्ज पर परिवहन सेवा शुरू की जा रही है। इसके तहत इंदौर और उज्जैन संभागों में 170 से ज्यादा बसें चलाने की तैयारी है। इंदौर में सिटी बस सेवा के 14 रूट पर ढट ई-बस सेवा शुरू हो चुकी है। अगले महीने से 150 और बसें चलाने की योजना है। इन रूट पर 10 साल तक सेवा संचालन का प्रावधान है।




### दूरस्थ शहरों के लिए भी

मुख्यमंत्री परिवहन सेवा के तहत दूरस्थ शहरों के लिए 20 से ज्यादा रूट की टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इंदौर से सागर, जबलपुर, शहडोल और बालाघाट सहित अन्य शहरों के लिए ऑपरेटर नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है।

### पलेरा-मोहनगढ़ में 24 घंटे में 4 इंच बारिश:टीकमगढ़-झांसी हाईवे बंद

टीकमगढ़ जिले में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। जिले में औसतन 2.6 इंच बारिश दर्ज की गई है। पलेरा और मोहनगढ़ में करीब 4 इंच बारिश होने से नदी-नाले उफान पर हैं। टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर पूनौल नाला उफनाने से पुलिया के ऊपर पानी बह रहा है और यात्री बसों समेत अन्य वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी। रातभर हुई बारिश के बाद टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर पूनौल नाला उफान पर आ गया। पुलिया के ऊपर पानी बहने से यात्री बसों और अन्य वाहनों का आवागमन बंद हो गया। टीकमगढ़-छतरपुर मार्ग पर बल्देवगढ़ में विंध्यवासिनी मंदिर के पास और टीकमगढ़-लिधौरा रोड पर सरपट नाले में भी पानी बढ़ गया है।

### शहर की कॉलोनियों में भरा पानी

बारिश के कारण टीकमगढ़ की भटनागर कॉलोनी और कौशलपुरी कॉलोनी में जलभराव हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों पर अतिक्रमण के कारण हर साल बारिश में ऐसी स्थिति बनती है। लोगों ने नगर पालिका पर अवैध मकानों और दुकानों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। बारिश के बाद बान सुजारा बांध पूरी क्षमता तक भर गया है। बांध के तीन गेट खोलकर 198 घन मीटर प्रति सेकंड की दर से पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं कुंडेश्वर में जमडार नदी उफान पर है।

## पचमढ़ी गैंगरेप केस में पुलिस वाहन रोकने वालों पर केस

**ब्रह्मास्त्र** ›› नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में नाबालिग से गैंगरेप के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को कोर्ट ले जाते समय पुलिस वाहन रोकने और पुलिसकर्मियों से झूमाझटकी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। वीडियो फुटेज के आधार पर पचमढ़ी थाने में 9 लोगों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे पचमढ़ी थाना प्रभारी गोपाल घोसले पुलिस स्टाफ के साथ गैंगरेप के तीनों आरोपियों को पिपरिया कोर्ट ले जा रहे थे। इसी दौरान पचमढ़ी बाजार में आक्रोशित लोगों ने पुलिस वाहन को रोक लिया। भीड़ ने आरोपियों को वाहन से बाहर निकालने और उनका जुलूस निकालने की मांग की। पुलिसकर्मियों ने भीड़ को समझाने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान कुछ लोगों की जवानों से झूमाझटकी हो गई। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को आरोपियों को वाहन से उतारकर कुछ दूरी तक पैदल ले जाना पड़ा। बाद में तीनों आरोपियों को पिपरिया कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजने के आदेश दिए गए। पुलिस वाहन रोकने की घटना का वीडियो सामने आने के बाद उसमें मौजूद लोगों की पहचान की गई।

## 300 किमी की रफ्तार से कार चलाई, ड्राइवर अरेस्ट

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के रिहायशी इलाके में 300 किमी प्रति घंटे की स्पीड से पोर्शे कार दौड़ाने वाले शख्स को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। कार चलाने वाले शख्स की पहचान 24 साल के मोहम्मद अकरान तिरमिजी के रूप में हई है।तिरमिजी पेशे से कमर्शियल पायलट है। पुलिस ने बताया कि कार तिरमिजी के पिता मोहम्मद इलियास तिरमिजी के नाम पर रजिस्टर्ड है। फिलहाल कार भी जब्त कर ली गई है।नवरंगपुरा पुलिस के मुताबिक, यह घटना 22 अगस्त को दोपहर करीब 1:30 बजे हुई थी। अगले दिन इसका वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में सिल्वर रंग की पोर्श कार एचसीजी अस्पताल से लॉ गार्डन के बीच खतरनाक स्पीड से गुजरती नजर आ रही है। अकरान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और मोटर व्हीकल एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। धारा 281 में सार्वजनिक रास्ते पर इस तरह तेज या लापरवाही से वाहन चलाने पर सजा का प्रावधान है, जिससे किसी की जान खतरे में पड़ सकती है।

## जयपुर-निम्स यूनिवर्सिटी का स्टूडेंट फंदे पर लटका मिला

**जयपुर।** जयपुर की निम्स यूनिवर्सिटी का 20 साल का स्टूडेंट प्राइवेट हॉस्टल में फंदे से लटका मिला है। घटना बुधवार (26 अगस्त) रात करीब 11 बजे की है। मथुरा (यूपी) का रहने वाला मोहित सैनी सीपीटी सेकेंड ईयर का स्टूडेंट था। कमरे से बदबू आने पर हॉस्टल के अन्य छात्रों ने चंदवाजी पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने कमरे को खुलवाकर शव को बाहर निकलवाया। मंगलवार (25 अगस्त) को भी एक बीटेक स्टूडेंट ने हॉस्टल की 15वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया था। थानाधिकारी राजबीर सिंह ने बताया कि मोहित सैनी मथुरा के लोटेसर का रहने वाला था। वह यूनिवर्सिटी के सामने सनराईज हॉस्टल में रहता था। बुधवार रात को उसकी बॉडी फंदे से लटकी मिली है। शव में से बदबू आ रही थी। आशंका है कि मोहित ने एक-दो दिन पहले आत्महत्या की होगी। बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए निम्स हॉस्पिटल भेजा गया है।

## बिहार में 21 मजदूरों से भरी नाव पलटी:यूपी में डैम ओवरफ्लो

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में बुधवार को 21 मजदूरों से भरी नाव पलट गई। सभी मजदूर पानी का कटाव रोकने के लिए रेत की बोरियां गंगा नदी किनारे डाल रहे थे। इसी दौरान अचानक एक हिस्से का वजन ज्यादा होने पर नाव पलटकर गंगा में समा गई। सभी मजदूर नदी में गिर गए । रेस्क्यू टीम ने 20 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। वहीं एक मजदूर अभी लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही मानसूनी बारिश से नदियां उफान पर हैं। चंदौली में मूसाखांड और लतीफशाह बांध ओवरफ्लो हो गए हैं, जिसके बाद उनके गेट खोल दिए गए हैं। लखीमपुर में शारदा नदी पर बने तमोलिन पुरवा बांध का एक हिस्सा कट गया। मध्य प्रदेश में पूर्वी हिस्से के बाद अब उत्तरी, पश्चिमी और मध्य हिस्सों में मानसून एक्टिव होगा। मौसम विभाग ने अगले 2 दिनों तक भोपाल, उज्जैन, सागर, ग्वालियर और चंबल संभाग के 21 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## हिमाचल में एडमिशन फॉर्म से कास्ट कॉलम हटेगा

**देहरादून।** हिमाचल प्रदेश में अगले शैक्षणिक सत्र से स्कूल-कॉलेज के एडमिशन फॉर्म में जाति (कास्ट) का कॉलम नहीं होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए इसके लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्री नर्सरी से कॉलेज तक यह व्यवस्था लागू होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम समाज में जाति के आधार पर होने वाले भेदभाव को खत्म करने और आपसी भाईचारा बढ़ाना के लिए उठाया गया है। एडमिशन फॉर्म से जाति का कॉलम हटाना इसी दिशा में एक शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों को किसी तरह की हीन भावना से बचाने में मदद मिलेगी। हालांकि, सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ लेने के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के लोग अपनी जाति की जानकारी दे सकेंगे।

## लुधियाना- प्रेग्नेंट पत्नी ने संबंध नहीं बनाए तो सुसाइड किया

**लुधियाना।** लुधियाना में 6 महीने की प्रेग्नेंट पत्नी के संबंध बनाने से मना करने पर युवक ने सुसाइड कर लिया। युवक ने कमरे में चुन्नी से फंदा लगाया। पत्नी के अनुसार, पति शराब के नशे में था और इसी पर दोनों में झगड़ा हुआ था। पत्नी ने आगे बताया कि पति घर आते ही उसके साथ फिजिकल रिलेशन बनाने के लिए झगड़ा करने लगा। प्रेग्नेंट होने के चलते डॉक्टर ने ऐसा करने से मना किया था, जिसके बावजूद वो दबाव बनाता था। मना करने पर उसने ये कदम उठा लिया। उधर, पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामला हैबोवाल इलाके के लक्ष्मी नगर का है। दविंदर (22) मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई का रहने वाला था और करीब 6 साल से लुधियाना में रह रहा था।

## बेंगलुरु एयरपोर्ट- यात्री के मुंह से मिले सोने के कैप्सूल

**बेंगलूरू।** बेंगलुरु और अगरतला एयरपोर्ट पर उक्त्क्र ने दो अलग-अलग मामलों में 6 लोगों को हिरासत में लिया है। बेंगलुरु में दुबई से आए एक यात्री के मुंह से दो कैप्सूल मिले। इनमें करीब 82 ग्राम सोना था। अगरतला में चार संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया। इनके साथ एक भारतीय नागरिक भी था, जिसे चारों का हैंडलर बताया जा रहा है। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे सीआईएसएफ ने एक यात्री को जांच के लिए रोका। टर्मिनल-1 के सिक्योरिटी होल्ड एरिया में स्क्रीनिंग के दौरान उसका हाव-भाव संदिग्ध लगा। वह सुरक्षाकर्मियों के सवालों का ठीक से जवाब नहीं दे रहा था।

# नेपाल में बाढ़- 165 मौतें, 133 भारतीय समेत 1100 लापता



## तिब्बत में 5 मंजिला इमारत गिराती हुई नेपाल में घुसीं लहरें, हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट डूबा

**ब्रह्मास्त्र ›› काठमांडू/तिब्बत**

नेपाल-तिब्बत बॉर्डर पर बुधवार सुबह अचानक आई बाढ़ में 168 लोगों की मौत हो गई। नेपाल में 165 और तिब्बत में 3 लोगों की जान गई, जबकि 1100 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। बाढ़ में 19 पुल, करीब 40 किलोमीटर सड़कें और 13 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट तबाह हो गए।

बाढ़ का पानी करीब 30 फीट तक ऊपर आ गया था। तेज बहाव में घर, गाड़ियां और सरकारी ढांचे बह गए। शुरूआत में माना जा रहा था कि बाढ़ से पहले भूकंप आया था, लेकिन अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक चीन की तरफ ल्हेंदे नदी में पहाड़ का बड़ा हिस्सा खिसककर गिरा था।

इसी लैंडस्लाइड से 5.2 तीव्रता के भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। इसके बाद ल्हेंदे नदी से पानी और मलबे का सैलाब भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों में पहुंचा, जिससे बाढ़ आई। बहाव इतना तेज था कि लोगों और मलबे को करीब 150 किलोमीटर दूर चितवन तक बहा ले गया, जहां अब तक 33 शव बरामद किए गए हैं। राहतकर्मी खराब मौसम और टूटे रास्तों के बीच मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे कई श्रद्धालु भी बाढ़ की चपेट में आ गए। नेपाल में लापता लोगों में 466 विदेशी और 113 नेपाली शामिल हैं, जिनमें 133 भारतीय और 37 ठफ्क्र भी हैं।

# सरकारी अस्पताल में आग; 15 बच्चे जिंदा जले



**ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के एक अस्पताल में बुधवार को आग लगने से 15 नवजात बच्चों की मौत हो गई। हादसा पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल में स्त्री रोग वार्ड की नर्सरी में हुआ। अस्पताल अधिकारियों के मुताबिक, हादसे के वक्त नर्सरी में 16 नवजात बच्चे मौजूद थे। इनमें से सिर्फ एक बच्चे को बचाया जा सका।

रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक, नर्सरी के अंदर एयर कंडीशनर के कंप्रेसर में विस्फोट हुआ। इसके बाद आग लग गई और तेजी से पूरे वार्ड में फैल गई। आग की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों के मुताबिक, आग पर काबू पा लिया गया है।



एसी का आउटडोर यूनिट गर्म हवा में काम करता है। लगातार चलने से कंप्रेसर ओवरहीट हो सकता है और दबाव बढ़ने से उसके फेल होने या फटने का खतरा रहता है।

एसी में आई 22 या आर 410अ जैसी रेफ्रिजरेंट गैस होती है। पाइप या वॉल्व में लीकेज होने पर गैस बाहर निकल सकती है। इससे आग या अन्य नुकसान का खतरा बढ़ सकता है। खराब वायरिंग, ढीले कनेक्शन या ओवरलोडेड सॉकेट से शॉर्ट सर्किट हो सकता है। गर्मियों में एक साथ कई हाई-पावर उपकरण चलने से बिजली का लोड भी बढ़ जाता है।

एसी की सर्विसिंग न होने पर फिल्टर में धूल जम जाती है, जिससे एयरफ्लो कम हो जाता है। इससे फैन और मोटर पर दबाव बढ़कर ओवरहीटिंग का खतरा हो सकता है। लंबे समय तक ऐसी स्थिति रहने पर अउ के दूसरे हिस्से भी प्रभावित हो सकते हैं।

## लैंडस्लाइड से 5.2 तीव्रता के भूकंप जितना झटका

बुधवार सुबह 8:37 बजे नेपाल-चीन सीमा के पास, काठमांडू के उत्तर में तेज झटके महसूस किए गए। शुरूआत में अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इसे 4.4 तीव्रता का भूकंप बताया था। इसी दौरान पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा बर्फ और चट्टानों के साथ टूटकर नीचे गिरा और ल्हेंदे खोला नदी में जा गिरा। यह नदी भोटेकोशी नदी की सहायक नदी है, जो चीन से निकलकर गहरी घाटियों से होते हुए नेपाल में प्रवेश करती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि पहाड़ से ग्लेशियर का एक बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिरा हो सकता है। हालांकि, इस घटना की असली वजह का पता लगाने में अभी कई हफ्ते लग सकते हैं। बाद में साफ किया कि यह भूकंप नहीं था। दरअसल, पहाड़ से हुआ लैंडस्लाइड इतना शक्तिशाली था कि उससे 5.2 तीव्रता के भूकंप के बराबर झटका पैदा हुआ। यानी पहले भूकंप नहीं आया था, बल्कि लैंडस्लाइड की वजह से भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ था।

## भारत में कहां-कितना असर होगा


भारत में इसका असर मुख्य रूप से बिहार की गंडक नदी और उससे जुड़ी छोटी-बड़ी नदियों में दिखने की आशंका है। नेपाल से करीब 3 मीटर ऊंची फ्लड वेव आने का अलर्ट है। पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली में खास सतर्कता बरती जा रही है। सीतामढ़ी और शिवहर पर भी नजर है। नेपाल का पानी त्रिशूली नदी से होते हुए गंडक तक पहुंचेगा। इसके बाद बिहार के निचले इलाकों में पानी बढ़ सकता है। यूपी के महाराजगंज और कुशीनगर में भी अलर्ट जारी किया गया है।




## केदारनाथ आपदा की तरह है नेपाल की घटना

2013 की केदारनाथ त्रासदी में भी ग्लेशियर से जुड़ी चोराबाड़ी ताल ने तबाही बढ़ाई थी। 15-16 जून को भारी बारिश हुई और 16 जून की शाम करीब 5:15 बजे पहली बड़ी बाढ़ आई। इसके बाद 17 जून 2013 की सुबह 6:45 बजे चोराबाड़ी ताल का प्राकृतिक मोरेन बांध टूट गया, जिससे बड़ी मात्रा में पानी, चट्टान और मलबा नीचे आया और केदारनाथ, गौरीकुंड, सोनप्रयाग समेत आसपास के इलाकों में भारी तबाही हुई। सरकारी आकलन के मुताबिक 2013 की उत्तराखंड आपदा में 580 लोगों की मौत, 4,473 लोग घायल और 5,526 से ज्यादा लोग लापता हुए थे। नेपाल की मौजूदा त्रासदी में भी अभी तक इसी तरह की घटना की जानकारी है।
नेपाली सेना ने रसुवा के टिमुरे से 116 लोगों को सुरक्षित निकाला है। इनमें 95 नेपाली और 21 भारतीय नागरिक शामिल हैं। इसके अलावा एक सुरंग में फंसे 7 नेपाली नागरिकों को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।
भारत ने नेपाल में रसुवा बाढ़ के बाद राहत और बचाव कार्यों में मदद के लिए 10 टन मानवीय सहायता और जरूरी दवाइयां भेजी हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने फेसबुक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सहायता बाढ़ प्रभावित इलाकों में नेपाल के राहत कार्यों में मदद के लिए भेजी गई है। भारत ने इस आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना भी जताई और प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की। जयशंकर ने कहा कि इस मुश्किल समय में भारत नेपाल और नेपाली लोगों के साथ खड़ा है।

## फ्रांस में 117 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से टॉरनेडो आया, 41 घायल



**ब्रह्मास्त्र ›› फ्रांस**

फ्रांस के एक गांव में सोमवार देर रात 117 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से टॉरनेडो आया। इसमें 41 लोग घायल हुए और सैकड़ों घरों को नुकसान पहुंचा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टॉरनेडो से सबसे ज्यादा नुकसान करीब 1,000 आबादी वाले पोमास गांव में हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, यहां करीब 300 घरों को नुकसान पहुंचा और कुछ घरों की छतें पूरी तरह उड़ गईं। परिवहन मंत्री फिलिपे तबारो ने बताया कि ट्रेनें लेट हुईं, सड़कें बंद करनी पड़ीं और हवाई अड्डों पर देरी और उड़ानें रद्द हुईं। देश के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से के कई इलाकों में तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। देश के उत्तर में स्थित पेरिस के एयरपोर्ट पर भी देरी और उड़ानें रद्द होने की जानकारी दी गई। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मौके पर 120 से ज्यादा बचावकर्मियों को तैनात किया गया। घायलों में से 15 लोगों को अस्पताल ले जाया गया। घायलों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। उसके पति ने एएफपी को बताया कि घर गिरने से महिला घायल हुई।

फ्रांस यूरोप के उन देशों में शामिल है जहां टॉरनेडो आते रहते हैं। फ्रांस में हर साल औसतन 40 से 50 टॉरनेडो दर्ज किए जाते हैं। हालांकि, इनमें से ज्यादातर बेहद कमजोर होते हैं और खेतों या सुनसान इलाकों तक ही सीमित रहते हैं। ज्यादा आबादी वाले इलाकों से बवंडर का सीधे टकराना फ्रांस में काफी कम देखने को मिलता है। फ्रांस के दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी तटीय इलाके टॉरनेडो और तेज तूफानों से सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं।

## कर्नाटक में पूरा वंदेमातरम नहीं गाया जाएगा: सीएम शिवकुमार

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा, 'कर्नाटक के सरकारी कार्यक्रमों में अब वंदे मातरम के सिर्फ शुरूआती दो पैरा ही गाए जाएंगे।' उन्होंने इंडिया टुडे के कार्यक्रम में बताया कि 15 अगस्त के कार्यक्रम में उनकी जानकारी के बिना पूरा वंदे मातरम गाया गया था। यह भी कहा कि वे अपनी पार्टी की विचारधारा में विश्वास रखते हैं। पार्टी के फैसले पर कायम रहेंगे।

दरअसल, कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने 19 अगस्त को ऐलान किया था कि पार्टी अपने सभी कार्यक्रमों में वंदे मातरम के 6 में से सिर्फ शुरूआती दो पैरा ही गाएगी। यह फैसला 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम गान को लेकर हुए विवाद के बाद आया। भाजपा ने कांग्रेस पर वंदे मातरम के अपमान का आरोप लगाया था। वंदे मातरम को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच विवाद 15 अगस्त को शुरू हुआ। इखढ ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान पूरा वंदे मातरम गाए जाने पर सोनिया गांधी ने इसे रोकने की कोशिश की। इखढ ने इसका वीडियो भी  पर शेयर किया था और दावा किया कि राहुल गांधी भी पूरे गायन के दौरान परेशान दिखे। भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस ने सफाई दी थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस मुख्यालय में पूरा वंदे मातरम गाया गया था और इसे रोकने की कोई कोशिश नहीं हुई।

उनके मुताबिक, सोनिया गांधी का इशारा गीत रोकने के लिए नहीं था। वह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए कुर्सी मांग रही थीं क्योंकि वे लंबे समय से खड़े थे। गृह मंत्रालय ने 'ऑर्डर्स रिलेटिंग टू द नेशनल सॉन्ग ऑफ इंडिया' जारी किया। इसमें वंदे मातरम के पूरे 6 छंदों को आधिकारिक संस्करण बताया गया है। आदेश के मुताबिक जब राष्ट्रगीत गाया जाए, तो आधिकारिक यानी पूरा संस्करण गाया जाना चाहिए। इसकी टाइमिंग 3 मिनट 10 सेकेंड बताई गई है। साथ ही राष्ट्रगीत के गायन/वादन के दौरान सम्मान, शिष्टाचार बनाए रखने, साथ ही इसे सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़े होने का निर्देश है।

# नेपाल में बाढ़ से हाई अलर्ट- महराजगंज के कई गांव खाली कराए

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

नेपाल के रसुवा में बुधवार को बाढ़ से तबाही के बाद बिहार की गंडक नदी में पानी बढ़ने लगा है। बाढ़ के बाद गंडक नदी में 3 मीटर ऊंची लहरें उठने का अनुमान है। फ्लैश फ्लड का खतरा भी है। बिहार के 8 जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, इस बाढ़ के चलते यूपी के महराजगंज और कुशीनगर को भी अलर्ट पर रखा गया है। नदी किनारे बसे गांवों को खाली कराया जा रहा है। उधर, मध्य प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी हिस्से के 17 जिलों में गुरुवार को भारी बारिश की चेतावनी है। वहीं, राजस्थान के 12 जिलों में भी तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में आज अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-बौछार हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछार पड़ने की संभावना है।हिमाचल प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से



मानसून कमजोर बना हुआ है। 19 से 26 अगस्त के बीच प्रदेश में सामान्य से 29 फीसदी कम बारिश हुई। इस अवधि में सामान्य 48.8 मिलीमीटर बारिश के मुकाबले 34.5 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान बिलासपुर और मंडी को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई।

बिलासपुर में सामान्य से 43 फीसदी और मंडी में 40 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई। लाहौल-स्पीति में सबसे कम बारिश हुई, जहां सामान्य से 95 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई। किन्नौर में 77 फीसदी कम, चंबा में 53 फीसदी, हमीरपुर में 47 फीसदी, कुल्लू में 47 फीसदी, सोलन में 35 फीसदी और ऊना में सामान्य से 33 फीसदी कम बारिश हुई।

इसी तरह शिमला में सामान्य से 26 फीसदी, कांगड़ा में 19 फीसदी और सिरमौर में 6 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई।

## तेलंगाना में बस और ट्रक की टक्कर, 6 की मौत:इनमें 5 महिलाएं

तेलंगाना के सूयार्पेट जिले में बुधवार सुबह एक इलेक्ट्रिक बस ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 5 महिलाएं हैं। वहीं 12 लोग घायल हैं। बस में 43 यात्री सवार थे और यह हैदराबाद से आंध्रप्रदेश के एलुरु जा रही थी। हादसा सुबह करीब 5:15 बजे हैदराबाद-विजयवाड़ा नेशनल हाईवे पर कोडाड मंडल में हुआ। पुलिस ने बताया कि ट्रक में लोहे के भारी पिलर लदे थे। बस के ट्रक से टकराते ही पिलर को बांधकर रखने वाली चेन टूट गई।

इसके बाद पिलर बस की दाईं तरफ जा घुसे। पुलिस के मुताबिक, बस के आगे बैठे लोगों की इसी वजह से मौत हुई। हादसे की वजह तेज रफ्तार होने की आशंका जताई है। बस की टक्कर से पहले ट्रक के सड़क के डिवाइडर से टकराने की भी आशंका है। पुलिस ने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा के एक अस्पताल में भेजा गया है। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने हादसे पर दुख जताया।

■ वर्ष-12 अंक-294 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल
मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 27 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य
धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।

**भावार्थ** : हम भगवान की महिमा का ध्यान करते हैं, जिन्होंने इस दुनिया को बनाया है, जो पूजनीय हैं, जो ज्ञान के भंडार हैं, जो पापों और अज्ञान को दूर करने वाले हैं- वे हमें प्रकाश दिखाएँ और हमें सत्य के मार्ग पर ले जाएँ।

पिता स्वर्गः पिता धर्मः पिता परमकं तपः।
पितरि प्रीतिमापन्ने सर्वाः प्रीयंति देवताः।।

**भावार्थ** : सभी पिता अपने बच्चों के लिए स्वर्ग, धर्म और अंतिम तपस्या हैं। उनका सुख देवताओं का सुख है।

## सम्पादकीयम्


### तथापि मुद्रायाः अन्यः पक्षः

अभिव्यक्तिः अथवा पूर्णतया शारीरिकरूपेण शयने नियोजितः भवितुं कठिनं भवति। अपरं तु यदा भवन्तः कार्यालयस्य कैबमध्ये वा गृहस्य अन्यस्मिन् कोणे वा उपविशन्ति तदा भवतः रूपस्य महत्त्वं नास्ति। भवन्तः शाकस्य करीना कलङ्कितं टी-शर्टं धारयितुं शक्नुवन्ति, तथापि अद्यापि विश्वस्य सर्वाधिकमोहकं रोमान्टिकं च व्यक्तिं इव पाठयन्ति। तस्मिन् अन्तरिक्षे केवलं भवतः कल्पना, भावाः च यात्रां कुर्वन्ति-न तु भवतः भौतिकशरीरम्। एवं भौतिकशरीरस्य बाधाभ्यः असुरक्षाभ्यः च मुक्तः सः कल्पनाङ्गुष्ठः भौतिकप्रेमस्य अभिव्यक्तिं दूरतरं प्रभावीरूपेण कर्तुं समर्थः भवति। तथापि मुद्रायाः अन्यः पक्षः अस्ति–यः उपेक्षितुं न शक्यते। अस्मिन् अङ्कीयसिद्धेः साधने किं वयं सम्भवतः वास्तविकजगत् शारीरिकं मानसिकं च आत्मीयतां नष्टं कुर्मः? सन्देशद्वारा ऑनलाइन 'वन्यप्रेमी' भवितुं, केवलं शयने उपविष्टस्य क्षणे एव स्मार्टफोन-पर्दे स्क्रॉलं आरभ्य, आधुनिकसम्बन्धानां प्रमुखा विडम्बना अभवत् यद्यपि सेक्सटिङ्ग, डिजिटल रोमान्स् च निःसंदेहं सुन्दरं, उत्तेजकं, वैज्ञानिकरूपेण प्रमाणीकृतं च अस्ति तथापि सः सम्बन्धः केवलं डिजिटलभ्रमः एव तिष्ठति यावत सः साहसः दूरभाषं न अतिक्रमति-शयने परस्परं स्पर्शनं, नेत्रे ताडनं, वास्तविकजीवने इच्छां विना।

सर्वकारेण स्मार्ट औषधं कर्करोगचिकित्सायां आशाजनकं औषधं वर्णितम्

## यत् केवलं कर्करोगकोशिकासु कार्यं करिष्यति स्वस्थकोशिकानां बञ्चनं च करिष्यति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली



एकेन नूतनेन प्रौद्योगिक्या भारते कर्करोगचिकित्सायाः आशाः उत्पन्नाः। गुरुवासरे केन्द्रसर्वकारेण आरके-२५१ इति स्मार्ट कर्करोगस्य औषधं घोषितम् यत् शरीरस्य सामान्यकोशिकानां मध्ये निष्क्रियः एव तिष्ठति तथा च कर्करोगकोशिकासु प्राप्ते एव सक्रियः भवति, तस्य प्रभावं च दर्शयति। सर्वकारस्य मते अस्याः प्रौद्योगिक्याः उद्देश्यं कर्करोगकोशिकानां लक्ष्यं कृत्वा स्वस्थकोशिकानां क्षतिं न्यूनीकर्तुं वर्तते, यत् पारम्परिकरसायनचिकित्सायाः प्रमुखा चुनौती अस्ति।

सर्वकारस्य मते आरके-२५१ इत्यस्य विषये एतत् शोधं विज्ञानप्रौद्योगिक्याः उन्नताध्ययनसंस्थायाः डॉ. असीस् बाला तथा डॉ. के.पी. आईआईटी गुवाहाटी के भबक। परन्तु अद्यापि रोगिणां उपरि उपयोगाय सज्जं नास्ति। मानवपरीक्षणार्थं विकसितुं पूर्वं एतस्याः प्रौद्योगिक्याः अग्रे अध्ययनस्य प्रमाणीकरणस्य च आवश्यकता भविष्यति इति सर्वकारेण स्पष्टीकृतम्।

सरकारः व्याख्यातवान् यत् वर्तमानकाले कर्करोगचिकित्सासु रसायनचिकित्सायाः व्यापकरूपेण उपयोगः भवति, परन्तु एकः प्रमुखः समस्या अस्ति यत्, कर्करोगकोशिकानां लक्ष्यं कृत्वा शरीरस्य केषाञ्चन स्वस्थकोशिकानां अपि प्रभावं कर्तुं शक्नोति। एतेन चिकित्साकाले रोगिणां कृते विविधाः दुष्प्रभावाः भवितुम् अर्हन्ति। अतः लक्षितचिकित्साविधिषु शोधं प्रचलति यस्मिन् औषधं सामान्य ऊतकयोः न्यूनतया सक्रियं भवति तथा च परितः अबुर्दं प्राप्त्वा वा कर्करोगकोशिकानां अन्तः एव स्वस्य प्रभावं दर्शयति।

अस्याः अवधारणायाः आधारेण आरके-२५१ इत्यस्य विकासः भवति। सरकारस्य मते कर्करोगकोशिकासु प्रायः सामान्यकोशिकानां अपेक्षया प्रतिक्रियाशील-आक्सीजन-जातेः अधिकः स्तरः भवति। एते अणुः सन्ति ये कोशिकानां अन्तः रासायनिकक्रियाकलापं प्रभावितं कर्तुं शक्नुवन्ति। वैज्ञानिकाः एतत् भेदं आरके-२५१ इत्यस्य क्रियातन्त्रस्य आधारेण स्थापितवन्तः।

सरकारस्य मते यदा आरके-२५१ कर्करोगकोशिकायां प्रविश्य तत्र उपस्थितस्य उच्चस्तरस्य आरओएस इत्यस्य सम्पर्कं प्राप्नोति तदा औषधं सक्रियं भवति। सक्रियीकरणे एनबीडीएचईएक्स इति शक्तिशाली कर्करोगविरोधी यौगिकं मुक्तं करोति। एतत् यौगिकं लक्ष्यप्रोटीनानि अवरुद्धयति येषां उपयोगं बहवः कर्करोगकोशिकाः जीवितुं चिकित्सां च परिहरन्ति। एवं औषधस्य परिकल्पना सामान्यकोशिकानां कर्करोगकोशिकानां च जैविकभेदानाम् शोषणं करोति। लक्ष्यं यत् औषधं एकवारं शरीरे प्रवेशं कृत्वा सर्वत्र समानरूपेण सक्रियं न भवेत्, अपितु, कर्करोगकोशिकायाः अन्तः सक्रियं भवितुमर्हति, कोशिकायाः अन्तः विशिष्टस्थितीनां आधारेण कर्करोगविरोधी प्रभावं जनयति

सरकारः अवदत् यत् पूर्व-नैदानिक-अध्ययनेषु आरके-२५१ विशेषतया आक्रामक-त्रि-नकारात्मक-स्तन-कर्क्कट-कोशिकानां विरुद्धं प्रबल-क्रियाकलापं दर्शितवान्। अध्ययनकाले स्वस्थकोशिकासु अस्य प्रभावः तुल्यकालिकरूपेण न्यूनतमः आसीत । एते प्रारम्भिकाः परिणामाः वैज्ञानिकानां कृते महत्त्वपूर्णाः इति मन्यन्ते, यतः त्रिगुण-नकारात्मकस्तनकर्क्कटस्य चिकित्सायाः कृते चुनौतीपूर्णः कर्करोगः प्रकारः इति मन्यते ।

वर्षाकारणात् उत्तराखण्डे

## ७२ मार्गाः बन्दाः पर्वतेषु भूस्खलनस्य जोखिमः वर्धते

ब्रह्मास्त्र ›› देहरादून

उत्तराखण्डे यथा यथा मानसूनक्रियाकलापः तीव्रः भवति तथा तथा पर्वतप्रदेशेषु आव्हानानि पुनः वर्धन्ते। बुधवासरे राज्यस्य विभिन्नेषु भागेषु भूस्खलनस्य, शिलापातस्य च कारणेन ७२ मार्गाः मार्गाः च अवरुद्धाः अभवन्। अनेकस्थानेषु यातायातस्य बाधा अभवत्, यदा तु मौसमविभागेन आगामिदिनेषु वज्रपातसहितं प्रचण्डवृष्टिः भविष्यति इति चेतावनी जारीकृत्य पर्वतीयजिल्हेषु सतर्कतायाः अधिकतायाः आग्रहः कृतः। पिथोरागढ, नैनीताल, चमोली च मण्डलेषु क्रमशः १४, १२, १० मार्गाः बन्दाः सन्ति, तत्र प्रभावः सर्वाधिकं तीव्रः आसीत्।

यद्यपि राज्यस्य औसतवृष्टिः सम्प्रति सामान्यतः न्यूना अस्ति तथापि पर्वतीयक्षेत्रेषु अल्पकालं यावत् तीव्रवृष्टिः भूस्खलनं, मार्गरोधं च प्रेरयति मौसमविभागस्य अनुसारं उत्तराखण्डे बुधवासरे प्रातः ८:३० वादनपर्यन्तं २४ घण्टेषु औसतेन ४.४ मि.मी. तदपि कतिपयेषु क्षेत्रेषु प्रचण्डवृष्ट्या मलिनाः, शिलाखण्डाः च दुर्बलपर्वतमार्गेषु पतित्वा यातायातस्य बाधा अभवत्। मार्गनिरोधसम्बद्धे पिथोरागढमण्डलं सर्वाधिकं प्रभावितं मण्डलम् आसीत्, यत्र १४ मार्गाः अवरुद्धाः, तदनन्तरं नैनीताल (१२ मार्गाः) चमोली (१० मार्गाः) च अभवन् पौरीनगरे सप्तमार्गाः निरुद्धाः आसन्; बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, तेहरी, उत्तरकाशी च षट्-षट्; देहरादूननगरे चत्वारः; हरिद्वारे च एकः। अल्मोरा, चम्पावत, उधमसिंहनगरेषु अद्यावधि कोऽपि मार्गबन्दः न ज्ञातः। लोकनिर्माणविभागस्य अन्येषां च प्रासंगिकसंस्थानां दलाः मलिनतां स्वच्छं कर्तुं मार्गान् पुनः उद्घाटयितुं च सक्रियरूपेण कार्यं कुर्वन्ति। उत्तरकाशीनगरस्य यमुनोत्रीधामं गच्छन्तीनां तीर्थयात्रिकाणां आवागमनमपि संवेदनशीलः विषयः एव वर्तते।

## झारखण्डः विधायक जयरामस्य पुलिसस्य च मध्ये स्टैण्डऑफ

ब्रह्मास्त्र ›› रांची

झारखण्डस्य धनबादस्य बरवड्डा थानायाः डुमरी विधायक जयराम महतो तथा स्टेशन हाउस ऑफिसर इत्येतयोः मध्ये विवादः अधिकः जातः। अस्मिन् विषये प्रबलं आक्रोशं प्रकटयन् झारखण्डपुलिससङ्घः (धनबाद-इकाई) विधायकात् २४ घण्टानां अन्तः सार्वजनिकक्षमायाचनां आग्रहं कृतवान् अस्ति। संघस्य आरोपः अस्ति यत एसएचओ इत्यनेन सह दूरभाषेण सम्भाषणे विधायकः अपशब्दपूर्णा अशोभनभाषायाः प्रयोगं कृतवान्। संवैधानिकपदं धारयन् पुलिसाधिकारिणः प्रति अनादरपूर्णभाषायाः प्रयोगः अनुचितः इति संस्थायाः पदाधिकारिणः अवदन्।

## राशिफल

**मेष** : आज का आपका दिन शानदार रहेगा। कोई नया प्रोजेक्ट हाथ लग सकता है, जिससे धन लाभ भी होगा।

**वृषभ** : आज लाइफ में रोमांस बना रहेगा। ज्यादा तनाव न लें और काम का प्रेशर घर पर न लाएं। वहीं, खर्च की अधिकता भी रहेगी।

**मिथुन** : आज पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा रिटर्न मिल सकता है। कॉन्फिडेंट रहेंगे आज। आज आपका दिन खास रहने वाला है।

**कर्क** : आज करियर तौर पर मोटिवेटेड और प्रोडक्टिव फील करेंगे। आज जंक फूड को नो कहें।

**सिंह** : आज बाहर का खाना खाने से बचें। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और धन लाभ भी होगा।

**कन्या** : पॉजिटिव रहने की सलाह दी जाती है। आपका दिन नॉर्मल रहने वाला है। काम के प्रेशर से बचें और बेवजह की टेंशन न लें।

**तुला** : आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है। खर्च करते वक्त आपको सावधानी बरतनी जरूरी है।

**वृश्चिक** : सेहत अच्छी रहेगी लेकिन बाहर का खाना खाने से बचें। आज का आपका दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा।

**धनु** : आज का आपका दिन फायदेमंद माना जा रहा है। काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है।

**मकर** : आज करियर में आपको अपने बॉस का साथ मिलेगा। आज का आपका दिन मिले-जुले परिणाम लेकर आया है।

**कुंभ** : आज के दिन कुछ जरूरी जिम्मेदारियां मिलेंगी। आज का दिन आपके लिए लाभकारी साबित होगा।

**मीन** : आज का दिन आपका रोमांचक रहेगा। सिंगल लोगों की लाइफ में किसी नए शख्स की एंट्री होने की संभावना है।

## ज्योतिष/वास्तु

# शुक्र के नक्षत्र में सूर्य का गोचर, इन 4 राशियों की बढ़ेगी कमाई

सूर्य के शुक्र के पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश का असर सभी 12 राशियों पर देखने को मिलेगा। हालांकि, 4 राशियों के जातकों के लिए यह नक्षत्र परिवर्तन बेहद शुभ साबित हो सकता है।

वैदिक ज्योतिष में सूर्य को आत्मविश्वास, मान-सम्मान, नेतृत्व क्षमता और पद-प्रतिष्ठा का कारक माना जाता है, जबकि पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के स्वामी शुक्र हैं। यह नक्षत्र प्रेम, भौतिक सुख-सुविधाओं, धन, कला, संगीत और रचनात्मकता से जुड़ा माना जाता है। ऐसे में जब सूर्य 31 अगस्त 2026 को सुबह 04:04 बजे मघा नक्षत्र से निकलकर पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, तो इसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के जीवन पर देखने को मिल सकता है। सूर्य 13 सितंबर 2026 तक इसी नक्षत्र में संचरण करेंगे। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान कुछ राशियों को करियर और आर्थिक मामलों में लाभ मिल सकता है, तो वहीं सुख-सुविधाओं में वृद्धि और समाज में मान-सम्मान भी बढ़ सकता है। खासतौर पर 4 राशियों के लिए सूर्य का यह नक्षत्र परिवर्तन बेहद शुभ रहने वाला है। इन जातकों को धन लाभ के साथ अपनी प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता दिखाने के नए अवसर मिल सकते हैं। आइए जानते हैं कौन-सी हैं वे 4 भाग्यशाली राशियां, जिनके लिए सूर्य का यह गोचर सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है।



**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए सूर्य का पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश काफी लाभदायक रह सकता है। इस दौरान आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होने के योग हैं। नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन के साथ आय में वृद्धि मिल सकती है। परिवार के साथ सुखद समय बिताने का मौका मिलेगा और घर का माहौल भी शांतिपूर्ण रहेगा। लंबे समय से अटके हुए जरूरी काम पूरे हो सकते हैं।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के लिए यह नक्षत्र परिवर्तन सफलता के नए रास्ते खोल सकता है। अचानक कोई बड़ी उपलब्धि हासिल होने के योग बन रहे हैं। इस दौरान आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और नेतृत्व क्षमता भी मजबूत होगी। आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले बेहतर हो सकती है। कामकाज में सफलता मिलने के साथ समाज में आपकी प्रतिष्ठा और सम्मान भी बढ़ सकता है।

**तुला राशि-** तुला राशि के लोगों के लिए सूर्य का यह नक्षत्र परिवर्तन कई मामलों में सकारात्मक परिणाम दे सकता है। पिता के स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिल सकता है। कारोबार से जुड़े लोगों को कोई बड़ी डील मिलने की संभावना है। लंबे समय से अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। नौकरी में वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा, जिससे महत्वपूर्ण काम आसानी से पूरे होंगे। पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई पुराना विवाद भी समाप्त हो सकता है।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों के लिए सूर्य का पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में गोचर आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित हो सकता है। इस दौरान आमदनी बढ़ाने के नए अवसर मिल सकते हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मनचाही नौकरी मिलने की उम्मीद है। वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी का पूरा सहयोग प्राप्त होगा। हालांकि, यात्रा या घूमने-फिरने पर खर्च बढ़ सकता है। साथ ही सुख-सुविधाओं से जुड़ी कोई महंगी वस्तु खरीदने की इच्छा भी पूरी हो सकती है।

ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज, टॉप-10 बल्लेबाजों में पंत और गिल

# बुमराह से 697 दिन बाद टॉप रैंकिंग छिनी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली





ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़कर पहली बार आईसीसी टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। बांग्लादेश के खिलाफ मैकाय टेस्ट में 10 विकेट लेने के बाद स्टार्क दो स्थान की छलांग लगाकर टॉप पर पहुंचे। उनके 872 रेटिंग पॉइंट हैं। बुमराह 862 पॉइंट के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

बुमराह ने कुल 697 दिन नंबर-1 की रैंकिंग पर बिताए हैं। वे 7 फरवरी 2024 को पहली बार इस मुकाम पर पहुंचे थे। हालांकि, यह लगातार 697 दिन का आंकड़ा नहीं है। बीच में दूसरे गेंदबाज भी नंबर-1 बने, इसलिए बुमराह के अलग-अलग नंबर-1 कार्यकालों को जोड़कर यह आंकड़ा बना है। इतने दिन किसी भारतीय गेंदबाज का आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में सबसे लंबा कार्यकाल है और टेस्ट इतिहास में यह 14वां सबसे लंबा है। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ 2024 विशाखापट्टनम टेस्ट में 9 विकेट लेने के बाद पहली बार टॉप रैंक हासिल की थी। वह टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 बनने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज भी हैं। वहीं, मौजूदा टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में ऋषभ पंत सातवें और शुभमन गिल आठवें नंबर पर हैं।

**2025 में 907 रेटिंग पॉइंट तक पहुंचे-** बुमराह 2025 में भी टेस्ट रैंकिंग के टॉप पर बने रहे। जनवरी 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट में 9 विकेट लेने के बाद उनके रेटिंग पॉइंट 907 तक पहुंच गए थे। यह किसी भारतीय गेंदबाज का आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में सबसे बड़ा रेटिंग स्कोर था।

**जून 2026 में हेनरी के साथ संयुक्त नंबर-1 हुए थे-** 2026 में बुमराह को न्यूजीलैंड के मैट हेनरी से भी चुनौती मिली। जून में हेनरी ने 11 विकेट लेकर बुमराह के साथ संयुक्त रूप से नंबर-1 स्थान हासिल किया था। हालांकि, इसके बाद बुमराह फिर टॉप पर पहुंच गए।

**बुमराह की गैरमौजूदगी और स्टार्क का प्रदर्शन बना वजह-** बुमराह इस समय श्रीलंका के खिलाफ भारत की जारी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज में नहीं खेल रहे हैं। उनकी गैरमौजूदगी के बीच स्टार्क ने बांग्लादेश के खिलाफ 10 विकेट लेकर टॉप पर पहुंच गए। स्टार्क ने पहली पारी में 6 और दूसरी पारी में 4 विकेट लिए। नके शानदार स्पेल की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को दोनों पारियों में 100 रन के अंदर समेट दिया और मैकाय टेस्ट पारी और 51 रन से जीत लिया।

### मानव सुथार की 28 स्थान की छलांग

स्पिनर मानव सुथार ने 28 पायदान की छलांग लगाई है। सुथार अब 48वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सुथार के लिए पिछले कुछ टेस्ट बेहद शानदार रहे हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ डेब्यू टेस्ट में कुल 7 विकेट लिए थे। इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ गॉल टेस्ट में उन्होंने 10 विकेट झटके, जबकि कोलंबो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 3 विकेट ले चुके हैं।

### 15 साल के करियर में पहली बार नंबर-1

36 साल के स्टार्क ने 15 साल के इंटरनेशनल करियर में पहली बार टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। वह अपने करियर के ज्यादातर समय टॉप-10 में रहे हैं। उनकी इससे पहले टेस्ट रैंकिंग में सबसे अच्छी स्थिति नंबर-2 थी। पिछले साल के आखिर में एशेज सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद वह टॉप-3 में पहुंचे थे।

### कमिंस चौथे, लायन टॉप-10 में पहुंचे

स्टार्क के अलावा ऑस्ट्रेलिया के दूसरे गेंदबाजों को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। कप्तान पैट कमिंस एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 6 विकेट लिए थे। ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लायन दो स्थान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं स्कॉट बोलैंड एक स्थान नीचे खिसककर सातवें नंबर पर आ गए हैं। इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन और जोश टंग को पाकिस्तान के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला है। दोनों ने मिलकर मैच में 16 विकेट लिए थे। रॉबिन्सन 15 स्थान की छलांग लगाकर 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि टंग 16 स्थान ऊपर चढ़कर 17वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

## संजय बांगड़ की बेटी अनाया फिर खेल सकेंगी क्रिकेट



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगड़ की बेटी अनाया बांगड़ अब क्रिकेट में वापसी कर सकती हैं। अनाया का जन्म एक लड़के के तौर पर हुआ था। उनका नाम आर्यन था। उन्होंने बाद में सर्जरी और हार्मोन रिप्लेसमेंट के जरिए खुद को लड़की बना लिया और अपना नाम अनाया रख लिया। जेंडर बदलवाने के कारण उन्हें खेल से बाहर होना पड़ा था। अब अनाया भारत में न सही ऑस्ट्रेलिया जाकर दोबारा क्रिकेट खेल सकती हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें अपनी ट्रांसजेंडर पॉलिसी के तहत ऑस्ट्रेलिया में महिला क्रिकेट खेलने की अनुमति दी है। सीए के फैसले के मुताबिक अनाया मार्च 2027 से एलीट महिला क्रिकेट खेल सकती हैं।

## भारतीय स्पिनर्स कोलंबो टेस्ट में डाल चुके 10 नो-बॉल



### 5 साल में दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ›› कोलंबो

भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो टेस्ट मैच के चौथे दिन काफी मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट गंवा दिए हैं और उसके पास सिर्फ 16 रन की बढ़त है। भारत के तीन स्पिनर्स ने मिलकर इस टेस्ट में अब तक 10 विकेट लिए हैं, लेकिन चर्चा उनके विकेटों की नहीं नो बॉल की हो रही है।

दूसरी ओर श्रीलंका के बल्लेबाज सोनल दिनूशा ने लगातार दूसरे मैच में शतक जमा दिया है। उन्होंने 44 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की है।

भारतीय टीम की ओर से इस मैच में सबसे ज्यादा नो-बॉल ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने डाला है। वे अब तक 6 नो-बॉल डाल चुके हैं। रवींद्र जडेजा ने 4 नो-बॉल फेंके हैं। भारतीय स्पिनर्स ने 2021 से अब तक इससे ज्यादा 14 नो-बॉल 2021 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ डाले थे। दिन के खेल के बाद भारत के स्पिन गेंदबाजी कोच सिराज बहतुले ने कहा- हम इस पर काम कर रहे हैं। कई बार यह चिंता का विषय बन जाता है। उन्होंने टेस्ट में भी फ्री-हिट देने की पैरवी की। बहतुले ने कहा- अगर फ्री-हिट मिलती है तो निश्चित तौर पर नो-बॉल कम हो जाएंगी।' इस टेस्ट में भले ही सारांश जैन ने ज्यादा नो-बॉल डाले हों, पिछले 5 साल में इस मामले में रवींद्र जडेजा सबसे आगे हैं। 2021 से टेस्ट में वे 88 नो-बॉल डाल चुके हैं।

## खबर एक नजर...

### पारिवारिक विवाद में पति-पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम माधवगढ़ में पारिवारिक विवाद के चलते राजू चौधरी 32 साल ने अपनी पत्नी बबीता 30 साल के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसआई सुरेश कलेश ने बताया कि राजू चौधरी और उसके बड़े भाई दशरथ चौधरी के बीच दिन में विवाद हुआ था। बहन संगीता बाइक से गिर गई थी, दशरथ का कहना था कि राजू की गलती से गिरी। वह बहन पर दबाव बना रहा था कि राजू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराये। मामला थाने पहुंचा था, संगीता ने गलती से गिरने की बात कहीं और ज्यादा चोंट नहीं लगाना बताया। मामला शांत हो गया था, लेकिन शाम को दशरथ और राजू के बीच फिर से विवाद हो गया, जिसके चलते राजू और बबीता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों के बयान दर्ज करने प्रधान आरक्षक योगेश चंद्रावत चरक अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन दोनों यह नहीं बता पा रहे थे कि कौन सा पदार्थ खाया है। दोनों की हालत खतरे से बाहर थी, प्रधान आरक्षक के अनुसार पूर्व में भी दोनों भाईयों के बीच विवाद हो चुका है, दोनों का परिवार पास-पास रहता है और मजदूरी करता है। फिलहाल मामला जांच में है।

### जहरीले जानवर के काटने पर महिला की मौत

**उज्जैन।** झारड़ा क्षेत्र के ग्राम इंदौख की रहने वाली पायल पति दीपक 22 साल को दोपहर में परिवार बेसुध हालत में चरक अस्पताल लेकर पहुंचा था। परिजनों ने बताया कि घर में अज्ञात जहरीले जानवर ने काटा है। डॉक्टरों ने परीक्षण किया लेकिन पायल की मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। बताया जा रहा है कि कुछ साल पहले ही पायल की शादी हुई थी। बारिश के मौसम में जहरीले जानवर के काटने के मामले लगातार सामने आ रहे है। मंगलवार को पंवासा क्षेत्र की रहने वाली महिला लता पति अरविंद को सांप ने डंस लिया था, जिसका उपचार चल रहा है। रविवार-सोमवार रात इशाकपुर घट्टिया में रहने वाले किसान नटवरलाल सोलंकी की सर्पदंश से मौत हुई थी, यहीं नहीं घट्टिया तहसील के पानबिहार स्थित बालिका छात्रावास में 12 का अध्ययन कर रही अंजली अहिरवार को बिच्छु ने काटा था।

### जंतर-मंतर के पास मिली लाश, परिजनों की तलाश

**उज्जैन।** नीलगंगा क्षेत्र के जंतर-मंतर के पास बुधवार सुबह गैरेज के सामने एक वृद्ध की लाश मिलना सामने आया। सफाईकर्मी की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। मृतक के पास झोला था, जिसमें कुछ कपड़े रखे थे, लेकिन उसके पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था। प्रधान आरक्षक विरेन्द्र दुबे ने बताया कि आसपास के लोगों से पहचान के प्रयास किये गये, लेकिन किसी ने शिनाख्त नहीं की। मृतक के हाथ की कलाई पर अंग्रेजी में पांच अक्षर रखे है लेकिन स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहे है। वृद्ध की उम्र 55-60 वर्ष प्रतीत हो रही है। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है, शिनाख्त नहीं होने पर पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कराया जायेगा।

### अंकपात मार्ग पर युवक को बदमाश ने मारा चाकू



**उज्जैन।** अंकपात मार्ग महेश्वरी धर्मशाला के सामने मंगलवार-बुधवार रात करण पिता गिरधारीलाल कुशवाह 20 साल निवासी देवाशीषनगर नानाखेड़ा को अमन सूर्यवंशी ने रास्ता रोक रंगदारी करते हुये चाकू मार दिया। घायल करण को उसका साथी नैतिक कहार उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। मामले की सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज किये। घायल के बताया कि उसका रास्ता रोक अमन ने एक हजार रुपए मांगे थे, नहीं देने पर मारा है। पुलिस ने मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### 2 युवक लापता, आज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम उज्जैनिया में रहने वाला अजय पिता शिवनारायण पंवार 24 साल 22 अगस्त की सुबह 9 बजे घर से निकला था, जिसके बाद वापस नहीं लौटा, परिजनों ने उसके मोबाइल पर कॉल किया, स्वीच ऑफ था, उसकी तलाश में रिश्तेदारों से जानकारी ली। लेकिन 25 अगस्त तक उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण किये जाने की शंका जताते हुये, चिमनगंज थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। दूसरा मामला खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम बेहलोला से उमेश पिता डाडमचंद्र 37 साल का सामने आया। 25 अगस्त से लापता उमेश के मामले में परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति अपहरण की आशंका व्यक्त करते हुये छुपाकर रखने की शिकायत दर्ज कराई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 247-3 | 490-3 |
| मेन बाजार | 180-9 | 567-8 |
| मिलन डे | 112-4 | 577-9 |
| मिलन नाइट | 440-8 | 590-4 |

1 2 8

---

दिनभर चला क्षिप्रा में एसडीआरएफ का तलाशी अभियान

# बाइक खड़ी कर ब्रिज से युवक ने लगाई छलांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मंगलनाथ ब्रिज से मंगलवार-बुधवार रात 12 बजे के लगभग युवक ने क्षिप्रा में छलांग लगा दी। बुधवार दिनभर एसडीआरएफ टीम ने तलाशी अभियान चलाया, शाम तक युवक का पता नहीं चल पाया था।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि रात में एक प्रत्यक्षदर्शी द्वारा सूचना दी गई थी कि मंगलनाथ मंदिर के पास ब्रिज से एक युवक ने क्षिप्रा नदी में छलांग लगाई है। सूचना पर डायल 112 पहुंची, लेकिन अंधेरा होने पर कुछ स्पष्ट नहीं हुआ। ब्रिज पर बाइक खड़ी मिली, जो छलांग लगाने वाले युवक की होना बताई गई। रात में ही बाइक नम्बर से युवक के परिजनों का पता लगाने के प्रयास किये गये। सुबह सामने आया कि बाइक अंकित पिता ग्यारसीलाल 25 साल निवासी विराटनगर के पास इंद्रालय कालोनी के नाम रिजस्टर्ड है। पुलिस ने परिजनों का मामले की जानकारी दी और ब्रिज पर बाइक मिलना बताया। परिवार ने बाइक की पहचान की, लेकिन अंकित के क्षिप्रा नदी में कूदने की बात से इंकार किया, उनका कहना था कि वह लापता है, गुमशुदगी दर्ज कराने चिमनगंज थाने भी गये थे। थाना प्रभारी शर्मा के अनुसार प्रत्यक्षदर्शी की जानकारी और बाइक मिलने पर छलांग लगाने वाले युवक की तलाश में होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया था, सुबह से देर शाम तक नदी में तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चल पाया। आशंका जताई जा रही है कि बारिश के चलते नदी में पानी का बहाव है, संभवतः युवक आगे चला गया है।

#### मिलने पर ही सामने आयेगा मामला

युवक के नदी में छलांग लगाने, बाइक मिलने और दिनभर चले तलाशी अभियान के बाद भी परिवार कुछ स्पष्ट जानकारी पुलिस को नहीं दे पाया था, उनका कहना था कि अंकित नदी में नहीं कूद सकता है। थाना प्रभारी के अनुसार यह स्पष्ट हुआ है कि युवक घर से लापता है, अब उसके मिलने पर ही मामला पता चल पायेगा कि उसने ऐसा क्यों किया है।

# ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में चले चाकू-डंडे, तीन लोग घायल





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में बुधवार दोपहर चाकू-डंडे चल गये। 3 युवकों को घायल हालत में चरक अस्पताल में भर्ती करया गया है। 2 को चाकू लगे थे, एक का डंडे से सिर फोड़ा गया था। इस दौरान कुछ देर के लिये अफरा-तफरी भी मची थी।

चरक अस्पताल में शाम को उपचार के लिये वजीर पार्क में रहने वाले रेहान पिता मोहम्मद आजाद 18 साल, साहिल पिता अयुब शाह 34 साल निवासी अहमदनगर औ सैफ पिता अजीम खान 22 साल निवासी फाजलपुर को लाया गया था। रेहान ने बताया कि वह जूलूस में शामिल था, एटलस चौराहा पर जुलूस में लाठी-डंडे घूमाये जा रहे थे, इस दौरान डंडा लगने पर विवाद हुआ तो आरीश, अयान, आदिल और रज्जू ने चाकू मार दिया। साहिल ने बताया कि जुलूस निकास चौराहा से पहले रिलायंस फ्रेश के सामने पहुंचा था, जुलूस में डंडे घूमाने के दौरान विवाद होने पर उस पर मोइन, शाहररूख, अरबाज, शादाब, कादिर और मलिक ने हमला किया। जिससे सिर में चोंट आई है। इसी तरह सैफ पिता अजीम खान के साथ एटलस चौराहा पर कुछ युवक ने विवाद होने चाकू मार दिये। मामले में कोतवाली पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज किये है। बताया जा रहा है कि रिलायंस फ्रेश के सामने हुई घटना का वीडियो भी सामने आया है। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों में अफरा-तफरी फैल गई थी।

---

श्री महाकालेश्वर मंदिर में कावड़ियों ने बैरिकेड्स तोड़े, दान पेटी फेंकी, गर्भगृह में घुसने का प्रयास

# आधा दर्जन से अधिक सुरक्षाकर्मी घायल, एक को सिर में गंभीर चोंट

## महाकाल थाना पुलिस ने सचिन मराठा इंदौर एवं 30-40 अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बुधवार दोपहर में श्री महाकालेश्वर मंदिर में नंदी गृह एवं गर्भगृह में प्रवेश को लेकर कावडियों ने जमकर उपद्रव किया है। इस दौरान कावडियों ने उनके सामने आए सुरक्षाकर्मियों को सीधे निशाने पर ले लिया। मारपीट एवं उपद्रव में मंदिर प्रबंध समिति के आधा दर्जन से अधिक सुरक्षा कर्मी घायल हुए हैं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया है। मंदिर प्रबंध समिति ने मामले की विडियो जारी करते हुए कहा है कि घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार दोपहर उस समय हंगामा हो गया, जब कुछ कावड़ियों ने दर्शन व्यवस्था को तोड़ते हुए नंदी हॉल में प्रवेश करने की कोशिश की। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो विवाद बढ़ गया। कावड़ियों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और यहां रखी दान पेटियों को गिरा दिया गया। सुरक्षाकर्मियों के साथ हाथापाई और मारपीट की गई।

**सात सुरक्षाकर्मियों का उपचार-** श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अस्पताल में प्राथमिक उपचार सुरक्षाकर्मी अभिषेक को सिर में चोंट आई, रोहित पाटीदार को पैर में,विक्रम मालवीय को दाएं पैर में,सुरेश सोलंकी को पेट व बांह में,जितेन्द्र को बाएं हाथ में,महिला सुरक्षाकर्मी ममता बोरी को बाएं हाथ की कलाई एवं निशा को दाहिने हाथ में चोट आई है, कुछ अन्य सुरक्षाकर्मियों को सामान्य चोंट आने पर दिया गया है।

#### नंदी हाल में घुसने के लिए विवाद

बुधवार दोपहर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िए महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ कावड़िए निर्धारित दर्शन व्यवस्था का पालन करने के बजाय नंदी हॉल की ओर जाने लगे। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोककर व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश की। इससे कावडिए नाराज हो गए और विवाद एवं उपद्रव की स्थिति कायम हो गई। इस दौरान यहां उप प्रशासक एसएन सोनी भी ड्यूटी पर थे। सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट एवं उपद्रव करते हुए कावडिए नंदी हॉल में पहुंच गए और गर्भगृह की ओर जाने का प्रयास करने लगे। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद ने तूल पकड लिया।

#### प्रवेश ही शीघ्र दर्शन के गेट से

मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक का कहना था कि प्राथमिक स्तर पर सामने आया है कि संबंधित कावडियों ने हरसिद्धि की और के शीघ्र दर्शन द्वार से सभा मंडप की और से मंदिर में प्रवेश किया था। इसके बाद ये नंदी हाल के पीछे प्रथम बेरिकेडस से कतार में दर्शन करने पहुंचे और यहां पर इन्होंने बेरिकेडस लांघने,दान पेटी गिराने और रोकने पर तैनात सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट कर नंदी हाल में प्रवेश किया। कावडियों को गर्भगृह में प्रवेश करना चाह रहे थे रोके जाने पर इन्होंने जमकर उपद्रव किया।

#### एक पर नामजद एवं 30-40 अज्ञात

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार मंदिर की निजी सुरक्षा एजेंसी के सुपर वाईजर प्रदीप बाथम ने मामले में प्रकरण दर्ज करवाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर इंदौर निवासी सचिन मराठा पर नामजद एवं 30-40 अन्य के खिलाफ मारपीट,गाली गलौज का मामला दर्ज किया है। 6 सुरक्षाकर्मियों की चिकित्सकीय जांच करवाई गई है।

#### गर्भगृह में प्रवेश का प्रयास

मंदिर प्रबंध समिति की और से जारी बयान में बताया गया है कि बुधवार दोपहर श्री महाकालेश्वर मंदिर में आए कुछ उपद्रवी एवं असामाजिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों द्वारा मंदिर की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को गंभीर रूप से प्रभावित करने का प्रयास किया गया। उक्त व्यक्तियों द्वारा नंदी हॉल में लगी बैरिकेडिंग को तोड़ा गया, व्यवस्थात्मक अवरोधों को क्षतिग्रस्त किया गया तथा दान पेटियों को इधर-उधर फेंकते हुए अनधिकृत रूप से गर्भगृह में प्रवेश करने का प्रयास किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात सुरक्षाकर्मियों के साथ हाथापाई एवं मारपीट की गई, जिसमें सुरक्षाकर्मियों को गंभीर चोटें आईं। इस प्रकार की घटनाएं न केवल मंदिर की संपत्ति एवं व्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाने वाली हैं, बल्कि मंदिर में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करती हैं।

मंदिर प्रबंध समिति स्पष्ट करती है कि धार्मिक आस्था आड़ में मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था से छेड़छाड़, बैरिकेडिंग तोड़ना, मंदिर संपत्ति को क्षति पहुंचाना, सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट करना अथवा निर्धारित दर्शन व्यवस्था का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### विवेकेश्वर महादेव मंदिर में टूटे पांच दानपेटी के ताले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सावन माह में बुधवार को विवेकेश्वर महादेव मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई। बदमाश द्वारा पांच दानपेटी के ताले तोड़े गये थे। पुजारी पूजा अर्चना के लिये पहुंचे तो मामले का पता चला। मंदिर में दानपेटियों के आसपास माचिस की जली तिलियां पड़ी थी और ताले भी जली अवस्था में थे।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के विवेकानंद कालोनी में विवेकेश्वर महादेव मंदिर बना हुआ है। सुबह 6 बजे के लगभग पुजारी योगेश पिता मुरलीधर पाठक निवासी ओम सांई ओम मल्टी पूजा अर्चना के लिये मंदिर पहुंचे। उन्होने मंदिर का ताला खोला और अंदर पहुंचे तो 5 दानपेटी के ताले टूटे दिखाई दिये। मंदिर में 6 दानपेटी लगी है। एक सुरक्षित थी, दानपेटी के ताले जलाने का प्रयास किया गया था, माचिस की जली कई तिलियां फर्श पर पड़ी थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जांच के बाद पुजारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुजारी के अनुसार बदमाश संभवतः मंदिर की छत के रास्ते खुले स्थान से अंदर आया है। दानपेटी 2 माह पहले खोली गई थी, सावन माह होने पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे है। दानपेटी में संभवतः 10 हजार से अधिक की राशि हो सकती है। पुजारी ने माना कि मंदिर में लगे कैमरे बंद थे, आशंका जताई जा रही है कि चोरी में एक या दो बदमाश शामिल हो सकते है, जो संभवतः नशेड़ी हो सकते है। पुलिस क्षेत्र के संदिग्धों का पता लगाकर पूछताछ का प्रयास कर रही है। मंदिर के पास एक मकान पर कैमरे लगे है, जहां रहने वाला परिवार शहर से बाहर गया हुआ है। उनके आते ही फुटेज देखे जायेगें।

### पूछताछ में मिला चिकित्सक की हत्या का सुराग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पशु चिकित्सालय से सेवानिवृत्त डॉक्टर की शनिवार-रविवार रात हत्या कर दी गई थी। घटनाक्रम के बाद से पुलिस मामले की पड़ताल में लगी थी। मृतक के भतीजों को हिरासत में लिया गया था, जिनसे पूछताछ में सुराग मिल गया है। पुलिस खुलासे के करीब पहुंच चुकी है। संभावना है कि आज खुलासा किया जा सकता है।

घट्टिया थाना क्षेत्र के बस स्टेंड के पास सांवरिया सदन में रहने वाले सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक गजरराज पिता किशोरसिंह तोमर 70 साल की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। घट्टिया थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्जकर जांच में लिया गया था। मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा होना सामने आया था, मृतक गजराज का कुछ दिन पहले भतीजे विनायक तोमर से विवाद हुआ था, उसने धमकी दी थी। मामला जमीन विवाद, उधार रूपयों के साथ सगाई तुडवाने से जुड़ा था। पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक के दोनों भाईयों के पुत्रों और उनके एक दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की थी। 2 दिनों की पूछताछ में बुधवार देर शाम पुलिस को हत्या से जुड़े पुख्ता सुराग मिल गये। कुछ तकनीकी साक्ष्यों की जानकारी सामने आने पर हत्याकांड का खुलासा कर दिया जायेगा। बताया जा रहा है कि विनायक तोमर की सगाई हो चुकी थी, कुछ दिनों पहले उसकी मंगेतर के परिवार को बाय पोस्ट एक पत्र मिला था, जिसमें उसकी गतिविधियों की जानकारी दी गई थी। वह पत्र उसकी मंगेतर के परिवार ने विनायक को भेजा था।

जिसके चलते भतीजे विनायक का शंका थी कि पत्र चाचा ने भेजा है, वह हेडराईटिंग मिलान के

# खड़े ट्रक से टकराई पिकअप, 1 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आगररोड पर पानबिहार-तुलाहेड़ा के बीच बुधवार तड़के खड़े ट्रक में पीछे से पिकअप टकरा गई। पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, दूसरा गंभीर घायल हुआ है।

पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि तड़के 5 बजे के लगभग खबर मिली थी कि तुलाहेडा मार्ग पर खड़े ट्रक से पिकअप टकराई है। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची। पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था, उसमें 2 युवक सवार थे, जिन्हे बाहर निकाला गया और चरक अस्पताल भेजा गया। लेकिन एक की मौत होना सामने आया, घायल के बयान दर्ज करने पर उसका नाम अशोक पिता रामकिशोर निवासी निहालपुर सिकंदरा राजस्थान सामने आया। उसने मृतक का नाम अमित पिता कैलाश मीणा 20 साल निवासी ग्राम ढोलिका थाना सिंकदरा राजस्थान बताया। घायल का कहना था कि पिकअप में धनिया भरकर राजस्थान से बिहार जा रहे थे। चौकी प्रभारी के अनुसार मामले की सूचना परिजनों को दी गई थी। दोपहर में परिजनों के आने पर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजन शव राजस्थान लेकर गये है। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। घायल का उपचार जारी है।

---

जंगल के बीच बने मंदिर में कुटिया की आड़ में शुरू कर दी थी गांजे की खेती

# पौधों और डेढ़ किलो से अधिक गांजे की सूखी पत्तियां बरामद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जंगल के बीच बने मंदिर में पुजारी परिवार के पुत्र ने कुटिया की आड़ में गांजे की खेती शुरू कर दी थी। उसने कब्जे की जमीन पर 14 से अधिक पौधे उगाये थे। पुलिस ने दबिश देकर 10-10 फीट के पौधों और डेढ़ किलो से अधिक गांजे की सूखी पत्तियां बरामद की है।

खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि बुरानाबाद जंगल में बने सगस बाबजी और महादेव मंदिर के पास बनी कुटिया की आड़ में गांजे की खेती होने की खबर मिलने पर मंगलवार-बुधवार रातएसआई अमित डामर, ईश्वर जोशी, प्रधान आरक्षक सुनीलसिंह बैस और टीम के साथ दबिश दी गई थी। कुटिया राजेन्द्रसिंह सौराष्ट्रीय निवासी सागर विहार कालोनी सुखलिया इंदौर हाल मुकाम बुरानाबाद की होना सामने आई। कुटिया के पास ही 10-10 फीट के 14 पौधे उखाड़कर रखे गये थे, जो गांजे के थे। कुटिया की तलाशी ली गई तो वहां से 1 किलो 626 ग्राम गांजे की सूखी पत्तियां मिली। अवैध गांजे की खेती का मामला सामने आने पर कुटिया में रहने वाले वृद्ध सौराष्ट्रीय दंपति से पूछताछ की गई। उन्होने बताया कि मंदिर के पुजारी है, पुत्र अनिल सौराष्ट्रीय भी साथ रहता है, पौधे उसके द्वारा उखाडकर रखे गये है। पुलिस ने अनिल की तलाश कर उसे जंगल से हिरासत में लिया। उसने बताया कि पौधे उसी ने उगाये थे, मंदिर में काफी कम लोग आते है, जंगल का क्षेत्र होने पर उसने खेती शुरू की थी। थाना प्रभारी के अनुसार अनिल सौराष्ट्रीय को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्जकर बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

#### दिसंबर माह से कर रहा था खेती

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी से सामने आया कि उसने कब्जे की जमीन पर गांजे की खेती दिसंबर-जनवरी माह में शुरू की थी। पूर्व में भी कुछ पौधे उखाडकर ठिकाने लगा चुका है। थाना प्रभारी के अनुसार इस बात का पता लगाया जा रहा है कि उसने अब तक कितना गांजा बेचना है और किसे दिया है। फिलहाल उससे रात में बरामद किये गये पौधों और पत्तियों का कुल वजन 26 किलो 96 ग्राम सामने आया है। जिसकी अंतराष्ट्रीय कीमत 4 लाख रुपए है।

#### रिक्शा चालक से मिली 2 लाख की चरस



क्राइम ब्रांच की सूचना पर जीवाजीगंज थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान गढ़कालिका-कालभैरव मंदिर मार्ग ओखलेश्वर ब्रिज के पास ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 13 झेड झेड 4012 यूनिक नम्बर 5209 को रोका और चालक अजहरउद्दीन पिता नसीरउद्दीन 32 साल निवासी नूरानी मस्जिद के पीछे विहारी कालोनी नागझिरी को हिरासत में लेकर रिक्शा की तलाशी ली। आगे डिक्की में रखी प्लास्टिक की थैली मिली जिसमें चरस भरी थी। थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि बरामद की गई चरस 255 ग्राम होना पाई गई है,जिसकी कीमत 2 लाख रुपए है। रिक्शा जप्त कर चालक को गिरफ्तार करते हुये एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि चरस कहां से लाया था और कब से अवैध कारोबार में शामिल है। उसका मोबाइल भी जप्ती में लिया गया है, जिसकी कॉल डिटेल खंगाली जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com